डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 190 | पेज: 8 | जयपुर,गुरुवार, 19 जून 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

# ट्रंप से बोले मोदी, पाकिस्तान के अनुरोध पर रोका 'ऑपरेशन सिंदूर'

- कहा, भारत मध्यस्थता स्वीकार नहीं करता है और 'न कभी स्वीकार' करेगा
- भारत अब आतंकवाद को 'छद्म युद्ध के रूप में नहीं, युद्ध के ही रूप में देखता है



**कनैनिस्किस (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष रोकने में मध्यस्थता की भूमिका निभाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को खारिज करते हुए उन्हें बताया कि भारत और पाकिस्तान ने बिना किसी मध्यस्थता के अपनी सेनाओं के बीच सीधी बातचीत के बाद पिछले महीने सैन्य कार्रवाई रोकी थी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि ट्रंप के साथ मंगलवार को फोन पर करीब 35 मिनट तक हुई बातचीत में मोदी ने साफ तौर पर कहा कि भारत मध्यस्थता स्वीकार नहीं करता है और 'न कभी स्वीकार' करेगा। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद के अनुरोध पर सैन्य कार्रवाई रोकने पर भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच बातचीत शुरू हुई थी।

मिसरी ने बताया कि पीएम मोदी ने यह भी कहा कि भारत अब आतंकवाद को 'छद्म युद्ध के रूप में नहीं, बल्कि एक युद्ध के ही रूप में देखता है' और भारत का 'ऑपरेशन सिंदूर' अब भी जारी है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की सबसे पहले घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने 10 मई को की थी। इसके बाद से ट्रंप दावा करते आ रहे है कि उन्होंने संघर्ष रोकने पर सहमत न होने पर दोनों देशों के साथ व्यापार रोकने की धमकी देकर संघर्ष विराम समझौते में मध्यस्थता की। पीएम मोदी ने 'पूर्व प्रतिबद्धताओं' का हवाला देते हुए कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका आने के ट्रंप के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। मोदी और ट्रंप का जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात का कार्यक्रम था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति के शिखर सम्मेलन से समय से पहले विदा लेने के कारण यह बैठक नहीं हो पायी। इसके कारण दोनों नेताओं ने फोन पर बातचीत की, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच सात से 10 मई के बीच हुए सैन्य संघर्ष पर प्रमुखता से बात की गयी। मिसरी ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से बताया कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते या भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका द्वारा मध्यस्थता के किसी प्रस्ताव पर कोई चर्चा नही हुई।'

## ट्रंप से हुई वार्ता पर सर्वदलीय बैठक बुलाएं पीएम : रमेश



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर हुई बातचीत को लेकर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है। पार्टी ने पहलगाम हमले और उसके बाद के घटनाक्रम की समीक्षा और सुझाव के लिए कारगिल युद्ध के समय की तरह एक विशेषज्ञ समिति गठित करने और उसकी रिपोर्ट संसद में रखे जाने की भी मांग की है।

## कांग्रेस के झूठ का पर्दाफाश : अमित



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** भाजपा ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ पीएम नरेन्द्र मोदी की बातचीत ने कांग्रेस के हर झूठ का 'पर्दाफाश' कर दिया है। भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, कांग्रेस और उसकी ट्रोल सेना इस तथ्य को पचा नही पा रही है कि मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप से मध्यस्थता की बात को नकारा है।

# सरेंडर नहीं करेंगे : खामनेई

## ट्रंप को दो टूक, कहा- जंग में हिस्सा लिया तो अमेरिका को होगी 'अपूरणीय क्षति'

- कहा, बुद्धिमान व्यक्ति जो ईरान, उसके लोगों और उसके इतिहास को जानते हैं, वे इस राष्ट्र से कभी भी धमकी भरी भाषा में बात नहीं करते




**दुबई (एपी)।** इस्राइल के भीषण हमलों के बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने बुधवार को आत्मसमर्पण करने के अमेरिकी आह्वान को खारिज कर दिया और चेतावनी दी कि संघर्ष में अमेरिका की किसी भी सैन्य भागीदारी से उसे 'अपूरणीय क्षति' होगी।

सरकारी टेलीविजन पर ईरान के सर्वोच्च नेता का वीडियो बयान प्रसारित किया गया। इससे एक दिन पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' में ईरान से 'बिना शर्त आत्मसमर्पण' करने का आह्वान किया था। ट्रंप ने कहा, ईरान के सर्वोच्च नेता खामनेई को मारने की 'फिलहाल कोई योजना' नहीं है। शुरुआत में जहां राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद को इस्राइली हमलों से दूर रखा था लेकिन उन्होंने अमेरिका की अधिक भागीदारी का संकेत देते हुए कहा कि वह युद्धविराम से कहीं अधिक 'बड़ा' चाहते हैं। अमेरिका ने इस क्षेत्र में और अधिक युद्धक विमान भी भेजे है।

अपने वीडियो संदेश में खामनेई ने ट्रंप के 'धमकीभरे और बेतुके बयानों' को खारिज किया। उन्होंने कहा, बुद्धिमान व्यक्ति जो ईरान, उसके लोगों और उसके इतिहास को जानते है, वे इस राष्ट्र से कभी भी धमकी भरी भाषा में बात नहीं करते, क्योंकि ईरान आत्मसमर्पण करने वाला देश नहीं है। खामनेई ने कहा, अमेरिकियों को यह पता होना चाहिए कि अमेरिका की किसी भी सैन्य भागीदारी से निस्संदेह उसे अपूरणीय क्षति होगी। इस्राइल के लड़ाकू विमानों ने यूरेनियम 'सेंट्रीफ्यूज' और मिसाइलों के कल-पुर्जे बनाने वाले केंद्रों को निशाना बनाते हुए मंगलवार देर रात ईरान की राजधानी तेहरान पर बमबारी की। वहीं, बुधवार को ईरान ने इस्राइल पर कई मिसाइलें दागी और चेतावनी दी कि अमेरिका के किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप से क्षेत्र में पूर्ण युद्ध छिड़ जाएगा।

ईरान के ताजा हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने 'अल जजीरा इंग्लिश' समाचार चैनल पर प्रसारित एक साक्षात्कार के दौरान कहा, अमेरिका का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप इस क्षेत्र में पूर्ण युद्ध का कारण होगा। उन्होंने विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन माना जा रहा है कि पड़ोसी देशों में तैनात हजारों अमेरिकी सैनिकों को ईरान के हथियारों द्वारा निशाना बनाया जा सकता है। अमेरिका ने किसी भी हमले का व्यापक जवाब देने की धमकी दी है।



इस्राइल के तेल अवीव पर ईरानी हमले के दौरान इस्राइली वायु रक्षा प्रणाली ने मिसाइलों को नष्ट कर दिया।

## आंध्र सरकार 100 भारतीयों के संपर्क में

**अमरावती (भाषा)।** आंध्र प्रदेश के एनआरआई सशक्तिकरण एवं संबंध मंत्री कोंडापल्ली श्रीनिवास ने कहा, राज्य सरकार ने युद्ध प्रभावित ईरान में फंसे राज्य के 100 एनआरआई से संपर्क किया है। श्रीनिवास ने कहा, आंध्र प्रदेश सरकार ने ईरान में 100 से अधिक एनआरआई से संपर्क साधा है और स्थिति पर लगातार नजर रख रही है।

## ईरान में इस्राइली हमलों में 585 की मौतें

**दुबई (एपी)।** ईरान में इस्राइली हमलों में 585 लोगों की मौत हो गई है और 1326 अन्य लोग घायल हो गए है। वॉशिंगटन के संगठन 'ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स' ने बताया कि समूह ने हमलों में जान गंवाने वाले लोगों में से 239 की पहचान असैन्य नागरिकों के रूप में और 126 की पहचान सुरक्षा कर्मियों के रूप में की है।

## करोना संक्रमण से 24 घंटे में चार की मौत

नयी दिल्ली, 18 जून। देश में पिछले 24 घंटों में 353 करोना सक्रिय मामलों में कमी आने के बाद, कुल सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 6483 रह गयी। वहीं, इस अवधि में चार और मरीजों की मौत से मृतकों की संख्या बढ़ कर 113 पहुंच गयी। पिछले 24 घंटों के दौरान 1173 मरीजों के स्वस्थ होने पर इस वायरस से निजात पाने वालों की कुल संख्या 15945 पहुंच गयी है। गौरतलब है कि गत 22 मई को देश में कोराना के मामले सिर्फ 257 सक्रिय थे।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान करोना संक्रमित चार और मरीज की मौत हो गयी है। महाराष्ट्र में कोरान संक्रमण से दो और मरीज की मौत होने से वहां मतृकों की संख्या 31 पहुंच गयी और राष्ट्रीय राजधानी और केरल में एक-एक और मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या क्रमश: 13 और 36 पहुंच गयी है। इस अवधि में जहां 12 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में करोना के मामलों में वृद्धि देखी गई, वहीं 10 राज्यों में सक्रिय मामलों में कमी आयी है, जबकि अन्य राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों से करोना संक्रमण के मामले प्राप्त नहीं हुए है।

- गत 24 घंटे में करोना के एक्टिव केस में फिर से कमी देखी गई। करोना के एक्टिव केस घट कर 6,433 रह गए हैं।

## सभी केंद्रीय कर्मचारी अब ग्रेच्युटी के हकदार

**नई दिल्ली (भाषा)।** एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में शामिल सभी केंद्रीय सरकारी कर्मचारी अब पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के तहत मिलने वाले सेवानिवृत्ति एवं मृत्यु ग्रेच्युटी लाभ के लिए पात्र होंगे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को यह जानकारी दी।

- पुरानी पेंशन योजना की तरह ओपीएस लेने वालों को भी मिलेगी ग्रेच्युटी
- इसके लिए सरकार ने किया यूपीएस नियमों में किया प्रावधान





सरकारी कर्मचारियों के एक बड़े तबके की इस बहुप्रतीक्षित मांग के संदर्भ में कार्मिक राज्यमंत्री सिंह ने कहा कि यह कदम सरकारी कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण मांग को संबोधित करता है और सेवानिवृत्ति लाभ में समानता लेकर आता है। उन्होंने कहा कि नया प्रावधान राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत सभी श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सिंह ने कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के पिछले 11 वर्षों के सफर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शासन को सरल बनाने, नागरिकों को सशक्त बनाने और प्रशासन को मानवीय बनाने के उद्देश्य से कई सुधार किए गए है।

उन्होंने कहा कि यूपीएस के तहत आने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारी अब केंद्रीय सिविल सेवा (एनपीएस के तहत ग्रैच्युटी का भुगतान) नियम, 2021 के प्रावधानों के अनुरूप सेवानिवृत्ति और मृत्यु ग्रैच्युटी लाभ के लिए पात्र होंगे। कार्मिक मंत्रालय के पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) ने बुधवार को यूपीएस के तहत आने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए सेवा के दौरान सरकारी कर्मचारी की मृत्यु या क्षअमता या विकलांगता के कारण सरकारी सेवा से उनकी बर्खास्तगी पर ओपीएस के तहत लाभ मिलने के विकल्पों पर एक आदेश जारी किया।

## प्र.मंत्री मोदी क्रोएशिया पहुंचे

जागरेब, 18 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की यात्रा के अंतिम पड़ाव पर बुधवार को यहां क्रोएशिया की राजधानी जागरेब पहुंच गये।

जागरेब अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर क्रोएशियाई प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेन्कोविच ने मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। मोदी कैनडा में जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद जागरेब पहुंचे है। यात्रा की शुरूआत में वे सबसे पहले साइप्रस गये थे। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक आज शाम को होगी। क्रोएशियाई प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। इसके बाद देर रात मोदी स्वदेश रवाना हो जायेंगे।

प्रधानमंत्री ने जी-7 देशों की शिखर बैठक से इतर भागीदार देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक में आपसी संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा की।

- प्रधानमंत्री मोदी यात्रा के अंतिम पडाव पर हैं। क्रोएशिया से देर रात वे स्वदेश रवाना हो जाएंगे।

## बुलंदशहर : कार में लगी आग, 5 की मौत

**बुलंदशहर (एसएनबी)।** बदायूं में शादी समारोह में हिस्सा लेने के बाद दिल्ली लौट रहे एक परिवार के पांच लोगों की बुधवार की सुबह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई तथा एक व्यक्ति घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि चालक को नींद आने के कारण कार अनियंत्रित हो कर सड़क पर एक पुलिया से जा टकराई। इसके बाद कार पलट गई और उसमें आग लग गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश भी दिए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तेजवीर सिंह ने कहा कि यह घटना जिले के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के जानीपुर गांव के पास सुबह करीब साढे पांच बजे हुई। उन्होंने कहा कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक स्विफ्ट कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई है और उसमें आग लग गई है।

स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव-राहत कार्य शुरू किया। सिंह ने कहा, गुलनाज (28) नामक एक घायल महिला को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। कार में सवार पांच अन्य लोगों की मौत हो गई।

मृतकों में जुबैर (28 वर्ष), तंजीम (26), मोमिना (24), जैनुल (2) और जेबा उर्फ निदा (23) हैं। उन्होंने कहा 'शुरुआती जांच में पता चला है कि सभी छह लोग बदायूं जिले में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे और वहां से दिल्ली के मालवीय नगर लौट रहे थे। सुबह के समय कार के चालक को नींद आ गई और गाड़ी अनियंत्रित हो कर एक पुलिया से टकराई। इसके बाद कार पलटी तथा उसमें आग लग गई।

## डीएनए जांच से 190 मृतकों की हुई पहचान

**अहमदाबाद (भाषा)।** अहमदाबाद में पिछले सप्ताह हुए एअर इंडिया विमान हादसे में मारे गए कम से कम 190 मृतकों की डीएनए मिलान के जरिए पहचान कर ली गई है और 32 विदेशियों समेत 159 शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए है।

**अहमदाबाद विमान दुर्घटना**

- 159 शव उनके परिजनों को सौंपे गए

कुल 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर 12 जून को लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान एआई-171 अहमदाबाद के एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। अधिकारी मृतकों की पहचान स्थापित करने के लिए डीएनए जांच कर रहे है क्योंकि कई शव इतनी बुरी तरह से जल गए है कि उनकी पहचान नही की जा सकती। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ राकेश जोशी ने संवाददाताओं से कहा, बुधवार सुबह तक 190 डीएनए नमूनों का मिलान किया जा चुका है और 159 शवों को पहले ही संबंधित परिवारों को सौंप दिया गया है।

## दिल्ली : कक्षा निर्माण 'घोटाला' में कई ठिकानों पर ईडी के छापे

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के दौरान दिल्ली के स्कूलों में कथित कक्षा निर्माण घोटाले की धन शोधन जांच के तहत बुधवार को यहां कई परिसरों पर छापेमारी की।





- आप नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ दर्ज है मामला

आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। संघीय जांच एजेंसी ने दिल्ली भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आपराधिक मामला दर्ज करने के बाद छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने इस मामले से जुड़े ठेकेदारों और निजी संस्थाओं के 37 परिसरों की तलाशी ली।

ईडी ने 30 अप्रैल को दर्ज अपनी शिकायत में आप नेता और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में मंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12 हजार से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थाई संरचनाओं के निर्माण में 2 हजार करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितताएं की गईं। ईडी के मामले में वे ही आरोपी है। दिल्ली एसीबी द्वारा मामला दर्ज किए जाने के बाद आप ने आरोप लगाया था कि सत्तारूढ़ भाजपा उसके नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसी का इस्तेमाल औजार के रूप में कर रही है।

## विदेश में नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली पुलिस ने विदेश में नौकरियों से जुड़ी धोखाधड़ी और मानव तस्करी में संलिप्त राष्ट्रीय राजधानी की एक निजी कंपनी के तीन अधिकारियों को गिरफ्तार किया है।

एक अधिकारी ने बताया कि मंगोलपुरी इलाके से संचालित इंडो किर्गिज ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड ने किर्गिजस्तान में आकर्षक नौकरी दिलाने के नाम पर 500 से अधिक भारतीयों के साथ कथित तौर पर ठगी की है। इस गिरोह ने पीड़ितों से 4.62 करोड़ से अधिक की राशि एकत्र की तथा उनमें से कई को विदेश में प्रताड़ना और शोषण के लिए मजबूर किया। अधिकारी ने बताया कि कंपनी का निदेशक और मामले में मुख्य आरोपी महावीर सिंह फरार है।

# अब साल भर के लिए फास्टैग 3000 रुपए में

- यह योजना 15 अगस्त से
- साल भर का समय या 200 बार यात्रा



**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार निजी वाहनों के लिए 'फास्टैग' आधारित वार्षिक 'पास' पेश करेगी, जिसकी कीमत 3000 रुपए होगी। उन्होंने कहा कि यह 15 अगस्त से प्रभावी होगा जिससे राजमार्गो पर बिना किसी परेशानी के यात्रा करना संभव हो पाएगा।

गडकरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी कि यह 'पास' चालू होने की तारीख से एक साल या 200 यात्रा के लिए (जो भी पहले हो) वैध होगा। इसे खास तौर पर गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए तैयार किया गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि वार्षिक 'पास' से देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गो पर निर्बाध एवं लागत प्रभावी यात्रा संभव हो सकेगी। इसके लिए एक लिंक जल्द ही राजमार्ग यात्रा ऐप के साथ-साथ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। गडकरी ने कहा कि यह नीति 60 किलोमीटर के दायरे में स्थित 'टोल प्लाजा' के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को दूर करती है और एकल, किफायती लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सरल बनाएगी है। मंत्री ने कहा, प्रतीक्षा समय, भीड़भाड़ को कम करके तथा टोल प्लाजा पर विवादों को न्यूनतम करके इस वार्षिक 'पास' का उद्देश्य लाखों निजी वाहन मालिकों को तीव्र एवं सुगम यात्रा का अनुभव प्रदान करना है। गडकरी की इस घोषणा के बाद सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि जिनके पास पहले से ही 'फास्टैग' है, उन्हें नया फास्टैग खरीदने की आवश्यकता नही होगी। मंत्रालय ने कहा, वार्षिक 'पास' को आपके मौजूदा 'फास्टैग' पर सक्रिय किया जा सकता है, बशर्ते कि यह पात्रता मानदंडों को पूरा करता हो (अर्थात, यह वाहन के विंडशील्ड पर ठीक से चिपका हुआ हो, वैध वाहन पंजीकरण संख्या से जुड़ा हो, ब्लैकलिस्टेड न हो आदि)। वार्षिक 'पास' केवल राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) और राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा पर ही मान्य है। राज्य सरकारों या स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित एक्सप्रेसवे, राज्य राजमार्गो, आदि टोल प्लाजा पर फास्टैग एक नियमित फास्टैग के रूप में काम करेगा और लागू उपयोगकर्ता शुल्क लागू हो सकते है।

राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि वार्षिक 'पास' केवल निजी गैर-वाणिज्यिक कार/जीप/वैन के लिए ही लागू है। किसी भी वाणिज्यिक वाहन के लिए इस्तेमाल किए जाने पर बिना किसी सूचना के इसे तत्काल निष्क्रिय कर दिया जाएगा। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि वार्षिक 'पास' अनिवार्य नही है और मौजूदा फास्टैग प्रणाली हमेशा की तरह काम करती रहेगी, जो उपयोगकर्ता वार्षिक 'पास' का विकल्प नहीं चुनते है, वे टोल प्लाजा पर लागू उपयोगकर्ता शुल्क दरों के अनुसार नियमित लेनदेन के लिए अपने फास्टैग का इस्तेमाल करना जारी रख सकते है।

# ईरान-इजराईल युद्ध की आशंका: एक गंभीर अंतरराष्ट्रीय संकट की आहट

**पश्चिम एशिया (Middle East) इन दिनों फिर से अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में है। इसकी वजह है – ईरान और इजराईल के बीच बढ़ता तनाव, जो कभी भी एक खुले युद्ध में बदल सकता है। यह टकराव केवल दो देशों का नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की स्थिरता और वैश्विक शांति को प्रभावित करने की क्षमता रखता है।**



ईरान और इजराईल के बीच दुश्मनी कोई नई बात नहीं है। 1979 में ईरान में इस्लामी क्रांति के बाद से इजराईल को ईरान ने एक अवैध और "ज़ायोनी शासन" के रूप में देखना शुरू किया। दूसरी ओर, इजराईल हमेशा से ईरान को अपनी सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा ख़तरा मानता रहा है।

ईरान, फिलिस्तीनी संगठनों जैसे हमास और हिज़्बुल्लाह को समर्थन देता है, जिन्हें इजराईल आतंकी संगठन मानता है। वहीं, इजराईल ने पिछले कुछ वर्षों में ईरान के परमाणु ठिकानों और सैन्य ठिकानों पर गुप्त हमले किए हैं।

**तनाव बढ़ने की प्रमुख वजहें**

**परमाणु कार्यक्रम:**

इजराईल का दावा है कि ईरान गुप्त रूप से परमाणु हथियार बना रहा है, जबकि ईरान कहता है कि उसका कार्यक्रम शांतिपूर्ण है। इस विषय पर दोनों देशों में कड़ा विरोध है।

सीरिया और लेबनान में **गतिविधियाँ:**

ईरान सीरिया में असद सरकार और लेबनान में हिज़्बुल्लाह को सहयोग करता है। इजराईल इसे अपने लिए सीधा खतरा मानता है और लगातार सीरियाई इलाकों पर हमले करता रहा है।

**हमास को समर्थन:**

2023-24 के ग़ज़ा संघर्ष में हमास के पीछे ईरान की भूमिका को लेकर इजराईल ने खुली चेतावनी दी थी।

**साइबर और ड्रोन हमले:**

दोनों देश एक-दूसरे पर साइबर अटैक और ड्रोन हमलों के आरोप लगा चुके हैं।

21वीं सदी में विश्व ने अनेक क्षेत्रीय संघर्ष देखे हैं, लेकिन यदि कोई संघर्ष सीमित क्षेत्रीय विवाद से निकलकर वैश्विक युद्ध का रूप ले सकता है, तो वह है – ईरान और इजराईलके बीच बढ़ता हुआ तनाव। यह संघर्ष केवल दो देशों के बीच का नहीं बल्कि धार्मिक, वैचारिक, सामरिक और भौगोलिक प्रभुत्व की जटिल परतों से जुड़ा हुआ है। इसके पीछे दशकों की दुश्मनी, राजनीतिक नीतियाँ, धर्म की व्याख्याएँ और बाहरी शक्तियों की भूमिका शामिल है।

यह लेख इस संभावित युद्ध की जड़ों, वर्तमान घटनाक्रम, रणनीतिक समीकरण और वैश्विक परिणामों की एक समग्र समीक्षा करता है।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि: एक पुराने वैचारिक युद्ध की शुरुआत**

इजराईलकी स्थापना और मुस्लिम जगत की प्रतिक्रिया:

1948 में जब यहूदी राष्ट्र इजराईलकी स्थापना हुई, तो अधिकांश मुस्लिम देशों ने इसे एक जबरन थोपा गया देश माना। उन्हें यह आपत्ति थी कि फ़िलिस्तीनी भूमि पर यहूदी राष्ट्र बनाकर मुस्लिम बहुसंख्यक आबादी को जबरन बेदख़ल किया गया।

ईरान में इस्लामी क्रांति और इजराईलके प्रति रुख़:

1979 में ईरान में आयतुल्ला खोमैनी के नेतृत्व में इस्लामी क्रांति हुई, जिसके बाद देश की विदेश नीति पूरी तरह बदल गई। अमेरिका और इजराईलको "शैतान" करार दिया गया। तब से ईरान इजराईलको क्षेत्रीय अस्थिरता का स्रोत मानता है, जबकि इजराईलईरान को अपने अस्तित्व के लिए ख़तरा बताता है।

**परमाणु हथियारों का संकट**

ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण है, लेकिन इजराईलऔर पश्चिमी देश यह मानते हैं कि ईरान गुप्त रूप से परमाणु बम बनाना चाहता है। इजराईलकी नीति स्पष्ट है – "ईरान को कभी परमाणु बम नहीं बनाने देना।"

इजराईलने कई बार ईरान के वैज्ञानिकों की हत्याएँ कीं (जैसे – मोहसिन फखरीज़ादे), और सीक्रेट ऑपरेशनों के ज़रिए उसके परमाणु ठिकानों को नुकसान पहुँचाया।

ईरान समर्थित संगठन:

ईरान हिज़्बुल्लाह (लेबनान), हमास (ग़ज़ा) और हूथी विद्रोहियों (यमन) को सैन्य व आर्थिक सहायता देता है। ये सभी संगठन इजराईलके विरुद्ध संघर्षरत हैं।

हमास और इजराईलके बीच 2023-24 में हुआ युद्ध, जिसमें ईरान पर हथियार और फंडिंग देने का आरोप लगा।

हिज़्बुल्लाह द्वारा इजराईलकी उत्तरी सीमा पर मिसाइल हमले।

यमन के हूथियों द्वारा ला बनाया है।

**हालिया घटनाक्रम जो युद्ध की ओर इशारा करते हैं**

अक्तूबर 2023 – हमास-इजराईलयुद्ध:

हमास ने इजराईलमें रॉकेटों की बारिश की और कई इज़रायली नागरिक मारे गए।

इजराईलने ग़ज़ा में जवाबी हमले किए, जिससे हज़ारों लोग मारे गए।

ईरान पर हमास को हथियार और प्रशिक्षण देने का आरोप लगा।

अप्रैल 2024 – सीधे टकराव की शुरुआत:

इजराईल ने सीरिया में स्थित ईरानी कांसुलेट पर हमला किया, जिसमें ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के वरिष्ठ कमांडर मारे गए।

बदले में ईरान ने पहली बार इजराईलपर सीधे अपने देश से सैकड़ों ड्रोन और मिसाइल दागे। इसके बाद इजराईलने ईरान के अंदर कुछ सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले किए, जिससे यह साफ़ हो गया कि दोनों देश अब सीधे युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं।

**रणनीतिक समीकरण: कौन किसके साथ?**

इजराईलके समर्थक:

अमेरिका: सैन्य सहायता, रक्षा उपकरण, खुफिया सहयोग।

यूरोपीय संघ: कूटनीतिक समर्थन, ईरान पर प्रतिबंध।

अरब देश (कुछ हद तक): सऊदी अरब, यूएई जैसे देश भी ईरान के बढ़ते प्रभुत्व से चिंतित हैं, और गुप्त रूप से इजराईलके साथ सामरिक सहयोग कर रहे हैं।

ईरान के समर्थक:

रूस: यूक्रेन युद्ध के दौरान ईरान ने रूस को ड्रोन दिए, जिसके बदले में रणनीतिक समर्थन मिला।

चीन: ऊर्जा की आपूर्ति के लिए ईरान पर निर्भर, साथ ही अमेरिका के खिलाफ मोर्चाबंदी में सहयोगी।

इराक, सीरिया, लेबनान (हिज़्बुल्लाह के माध्यम से): ईरान की विचारधारा से प्रभावित और उसके सहयोगी।

**संभावित युद्ध के परिणाम**

क्षेत्रीय अस्थिरता:

लेबनान, सीरिया, ग़ज़ा, इराक जैसे क्षेत्रों में पूर्ण युद्ध की स्थिति।

लाखों लोगों का विस्थापन, शरणार्थी संकट।

धार्मिक तनाव और साम्प्रदायिक हिंसा।

वैश्विक तेल आपूर्ति पर असर:

ईरान होरमुज़ जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) पर नियंत्रण रखता है, जहाँ से दुनिया का 20% तेल गुजरता है। अगर युद्ध हुआ, तो तेल की कीमतें आसमान छू सकती हैं।

वैश्विक आर्थिक मंदी:

युद्ध की स्थिति में अंतरराष्ट्रीय व्यापार बाधित होगा।

कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर असर पड़ेगा।

स्टॉक मार्केट गिरेंगे, महँगाई बढ़ेगी।

संभावित विश्व युद्ध का खतरा:

अगर अमेरिका, रूस, चीन या नाटो इस युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से शामिल हो गए, तो यह तीसरे विश्व युद्ध की भूमिका भी बन सकता है।

**क्या युद्ध को रोका जा सकता है?**

कूटनीतिक पहल:

संयुक्त राष्ट्र को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

स्विट्ज़रलैंड या तुर्की जैसे देश, जो दोनों पक्षों से संवाद रखते हैं, मध्यस्थ बन सकते हैं।

अरब देशों की भूमिका:

सऊदी अरब, कतर, ओमान जैसे देश शांति स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यदि वे ईरान पर कूटनीतिक दबाव डालें और इजराईलसे बातचीत के लिए आग्रह करें, तो तनाव कम हो सकता है।

अंतरराष्ट्रीय दबाव:

यूरोप और अमेरिका को भी संयम बरतना होगा। ईरान पर लगातार प्रतिबंध लगाने के बजाय बातचीत की प्रक्रिया को मजबूत करना ज़रूरी है।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

## "जी-7 की भूमिका अब सीमित: सिर्फ दो मुद्दों पर टिक गया वैश्विक मंच"

पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक मंचों पर जिस तरह मुद्दों की दिशा बदली है, उसमें जी-7 (ग्रुप ऑफ सेवन) शिखर सम्मेलन की प्रासंगिकता और प्राथमिकताएं भी लगातार बदल रही हैं। इस वर्ष के जी-7 शिखर सम्मेलन में यह बात और ज़्यादा साफ़ हो गई कि अब यह मंच लगभग दो प्रमुख मुद्दों के इर्द-गिर्द ही सिमट गया है—यूक्रेन युद्ध और चीन से आर्थिक-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा। बाकी विषय, चाहे वह जलवायु संकट हो, वैश्विक दक्षिण के हित या वैश्विक अर्थव्यवस्था की बहाली—इन पर बातचीत औपचारिकता भर रह गई है।

यूक्रेन युद्ध: पश्चिमी एकजुटता की अंतिम परीक्षा- सबसे ज़्यादा ध्यान यूक्रेन पर ही गया। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान, इटली और कनाडा—इन सात देशों का मुख्य उद्देश्य अब रूस के खिलाफ एकजुट रणनीति बनाए रखना है। इस वर्ष जी-7 सम्मेलन में यूक्रेन को 50 अरब डॉलर का नया पैकेज देने का एलान हुआ, जो रूसी बैंकों की जब्त की गई संपत्तियों से जुड़ा है। यह एक प्रतीकात्मक संदेश भी है कि पश्चिम अब अपने आर्थिक उपकरणों को रूस के खिलाफ लंबी रणनीति में प्रयोग कर रहा है। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या यह रणनीति सफल हो रही है? यूरोप में अब थकावट के संकेत दिख रहे हैं। फ्रांस और जर्मनी जैसे देशों में आंतरिक असंतोष बढ़ रहा है, और अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव का साल है—जहां ट्रम्प की वापसी की संभावना पश्चिमी एकजुटता के लिए चुनौती बन सकती है। जी-7 अब इस युद्ध को नैतिक रूप से नहीं, बल्कि रणनीतिक रूप से देखने लगा है—जिसका मतलब है कि शांति की संभावना फिलहाल दूर की बात है।

चीन: साझेदारी बनाम प्रतिद्वंद्विता- दूसरा बड़ा विषय चीन है। हालांकि जी-7 देशों में चीन को लेकर मतभेद हैं—जैसे कि जर्मनी और फ्रांस चाहते हैं कि चीन के साथ आर्थिक संबंध कायम रहें, जबकि अमेरिका और जापान अधिक सख्ती की मांग कर रहे हैं—फिर भी एक आम सहमति बनती जा रही है कि चीन अब "सिस्टमेटिक चैलेंज" है।

जी-7 ने चीन के "ओवरकैपेसिटी" (अत्यधिक उत्पादन) मॉडल पर चिंता जताई है, जो वैश्विक बाजार को असंतुलित कर रहा है। सोलर पैनल, इलेक्ट्रिक व्हीकल, स्टील और अन्य क्षेत्रों में चीन की सब्सिडी आधारित अर्थव्यवस्था के कारण प्रतिस्पर्धा असमान होती जा रही है। अमेरिका पहले से ही टैरिफ लगाकर जवाब दे रहा है और अब यूरोप भी इसी रास्ते पर चलने को तैयार दिखता है। चीन को लेकर यह स्पष्ट हो गया है कि जी-7 अब किसी दीर्घकालिक आर्थिक सहयोग की उम्मीद नहीं कर रहा, बल्कि उसे सीमित करने और "डि-रिस्किंग" की रणनीति पर चल रहा है। हालांकि यह रणनीति जी-7 के अपने व्यापारिक हितों को भी चोट पहुंचा सकती है, खासकर उन कंपनियों को जो चीन पर निर्भर हैं।

जलवायु, वैश्विक दक्षिण और बाकी मुद्दों की उपेक्षा- जी-7 देशों ने एक बार फिर जलवायु परिवर्तन, विकासशील देशों को मदद और वैश्विक टैक्स सुधार जैसे मुद्दों पर वक्तव्य जारी किए, लेकिन ज़मीन पर ठोस प्रस्तावों की कमी रही। ग्लोबल साउथ—यानी अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और दक्षिण एशिया के विकासशील देश—अब यह महसूस कर रहे हैं कि जी-7 उनके मुद्दों को प्राथमिकता नहीं देता। भारत, ब्राज़ील, इंडोनेशिया जैसे देश अब जी-20 के ज़रिये अपनी आवाज़ बुलंद करने में ज़्यादा विश्वास कर रहे हैं। जी-7 का एजेंडा अब इतना पश्चिम-केंद्रित हो चुका है कि वैश्विक बहुपक्षीयता की उम्मीद इससे करना बेमानी लगने लगा है।

भारत की भूमिका और स्थिति- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार इटली के पुलिया में आयोजित जी-7 सम्मेलन में विशेष आमंत्रित राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर शामिल हुए। भारत की उपस्थिति बताती है कि पश्चिम अब भारत को एक अहम रणनीतिक साझेदार मानता है, खासकर चीन के प्रभाव को संतुलित करने के लिहाज़ से। हालांकि भारत की स्थिति संतुलनकारी रही—वह न तो चीन के खिलाफ तीखे तेवर अपनाता है और न ही रूस से पूरी तरह अलग होता है। भारत के लिए यह मंच एक अवसर है कि वह वैश्विक दक्षिण की आवाज़ को जी-7 जैसे मंच पर उठाए, लेकिन दुर्भाग्य से जी-7 की संरचना ही ऐसी है कि यहां आमंत्रित देशों की बातों का कोई खास असर नहीं पड़ता। यह सम्मेलन उन अमीर देशों का मंच बनकर रह गया है जिनके अपने हित प्राथमिकता पर हैं।

# लंदन के ग्रेज़ इन में गूंजा डॉ. अंबेडकर का नाम




लंदन के ग्रेज़ इन में डॉ. आंबेडकर की विरासत को सम्मानित किया गया। जस्टिस गवई की उपस्थिति ने इस पल को ऐतिहासिक बना दिया। डॉ. आंबेडकर ने 1922 में ग्रेज़ इन में लॉ की पढ़ाई पूरी की थी। उन्होंने न केवल बैरिस्टर की डिग्री प्राप्त की, बल्कि आगे चलकर भारतीय संविधान की रचना में केंद्रीय भूमिका निभाई।

भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी.आर. गवई ने हाल ही में लंदन के ग्रेज़ इन में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर को ऐतिहासिक श्रद्धांजलि अर्पित की। यही वह प्रतिष्ठित संस्थान है जहां डॉ. आंबेडकर ने 1920 के दशक में अपनी वकालत की शिक्षा ग्रहण की थी, और जहां से उन्होंने भारतीय न्याय प्रणाली को बदलने की नींव रखी।

इस दौरान सीजेआई गवई ने कहा, "यह वही स्थान है जहां डॉ. आंबेडकर ने अपने कानूनी चिंतन को आकार दिया, और जो आगे चलकर भारतीय संविधान के निर्माण का आधार बना। आज यहां खड़े होकर उनके योगदान को स्मरण करना मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से गौरव का विषय है।" उन्होंने यह भी कहा कि एक दलित पृष्ठभूमि से आने वाले व्यक्ति के रूप में उनका सर्वोच्च न्यायालय के शीर्ष पद तक पहुंचना, डॉ. आंबेडकर की उस दूरदर्शिता का परिणाम है जिसमें उन्होंने समानता और न्याय के सिद्धांतों को भारत के संविधान में सुनिश्चित किया।

इस मौके पर ग्रेज़ इन द्वारा डॉ. आंबेडकर की दुर्लभ तस्वीरें, उनके प्रवेश प्रपत्र, और अन्य ऐतिहासिक दस्तावेज भी प्रदर्शित किए गए। ये वही दस्तावेज हैं जिन्होंने एक अछूत कहे जाने वाले युवक को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विधि संस्थानों में प्रवेश दिलाया था। इस कार्यक्रम में यूके सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज लेडी जस्टिस आर्डेन, भारत सरकार के कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश विक्रम नाथ, भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी भी मौजूद थे। गौरतलब है कि डॉ. आंबेडकर ने 1922 में ग्रेज़ इन में लॉ की पढ़ाई पूरी की थी। उन्होंने न केवल बैरिस्टर की डिग्री प्राप्त की, बल्कि आगे चलकर भारतीय संविधान की रचना में केंद्रीय भूमिका निभाई। इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के दलित मुख्य न्यायाधीश द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि देना, सामाजिक न्याय की दिशा में एक गहरी प्रतीकात्मक जीत मानी जा रही है।

# तनाव और बेचैनी से निपटने के लिए रूहानी तरीके



आज की तेज़ रफ़्तार ज़िंदगी में जहाँ हर तरफ़ डर, दबाव और अनिश्चितता फैली हुई है, वहाँ मानसिक तनाव और बेचैनी आम समस्या बन चुकी है। हर दिन हमें किसी न किसी बात का डर दिखाया जाता है—कभी बीमारियों का, कभी राजनीतिक संकटों का, तो कभी आर्थिक असुरक्षा का। ऐसे माहौल में मुसलमानों के लिए यह जानना बेहद अहम है कि इस्लाम न केवल इन परेशानियों को पहचानता है बल्कि उनसे निपटने का एक सशक्त और संतुलित तरीका भी पेश करता है। इस्लाम हमें सिखाता है

कि हम अपनी ज़िम्मेदारियाँ निभाएँ, लेकिन नतीजों को अल्लाह पर छोड़ दें। इस लेख में हम ऐसे रूहानी तरीक़ों की चर्चा करेंगे जो इस्लामी तालीमात पर आधारित हैं और जो मानसिक तनाव व बेचैनी से लड़ने में आपकी मदद कर सकते हैं।

1. तकलीफ़ को समझें: हर दर्द एक सबक़ हो सकता है

दुनिया में ज़ुल्म, प्राकृतिक आपदाएँ, बीमारियाँ और हादसे नई बात नहीं हैं। ये इंसानी जीवन का हिस्सा हैं।

लेकिन इस्लाम सिखाता है कि हर मुश्किल सिर्फ़ एक सज़ा नहीं होती, बल्कि वह इंसान को परखने, सुधारने और ऊपर उठाने का ज़रिया भी हो सकती है।जिस तरह कोई भी समझदार इंसान बिना संघर्ष के नहीं बनता, उसी तरह हर तकलीफ़ हमें एक सबक़ दे सकती है अगर हम उसे सही नज़र से देखें। पैग़म्बरों, समाज सुधारकों और महान हस्तियों ने भी तकलीफ़ों को झेलकर ही अपने किरदार को बुलंद किया।इसलिए हमें हर कठिनाई को एक "छुपी हुई रहमत" समझना चाहिए, जो हमें अंदर से मज़बूत बना सकती है।

2. दूसरों की मदद करें: ख़ुद को न भूलें, मगर सिर्फ़ ख़ुद तक सीमित न रहें

इस्लाम हमें इंसानियत की सेवा का हुक्म देता है। जब हम दूसरों की मदद करते हैं — चाहे छोटी हो या बड़ी — तो हमें यह एहसास होता है कि हम किसी के काम आ रहे हैं। पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल.अ.) ने फ़रमाया: "जो बुराई देखे, उसे अपने हाथ से रोके; अगर न कर सके तो ज़बान से; और अगर ये भी न कर सके, तो दिल से नापसंद करे और ये ईमान का सबसे कमज़ोर दर्जा है।" (सहीह मुस्लिम) जब हम अपने से कम भाग्यशाली लोगों की परेशानियाँ देखते हैं और उनकी मदद करते हैं, तो हमें अपने ग़म छोटे लगने लगते हैं।

साथ ही, ये यक़ीन भी होता है कि अल्लाह हमारी नेकियों को ज़रूर क़बूल करेगा। मदद करने से न सिर्फ़ दूसरों को राहत मिलती है, बल्कि हमारा अपना दिल भी हल्का होता है।

3. अल्लाह को जानें और उस पर तवक्कुल रखें

ज़िंदगी में बहुत कुछ हमारे क़ाबू से बाहर होता है। जब हम इस सच्चाई को स्वीकार कर लेते हैं और अल्लाह की क़ुदरत पर भरोसा करते हैं, तो दिल को तसल्ली मिलती है। क़ुरआन में अल्लाह फ़रमाता है: "क्या ये लोग नहीं जानते कि जिसने आसमान और ज़मीन को पैदा किया, वो मुर्दों को भी ज़िंदा कर सकता है? बेशक! वो हर चीज़ पर क़ादिर है।" (Qur'an 46:33)

इस्लाम हमें सिखाता है कि हम कोशिश करें, मेहनत करें, लेकिन नतीजे अल्लाह पर छोड़ दें। अगर चीज़ें हमारी प्लानिंग के मुताबिक़ न भी हों, तो मायूस न हों। क्योंकि अल्लाह फ़रमाता है: "...और अल्लाह सबसे बेहतरीन तदबीर करने वाला है।" (Qur'an 8:30) जो चीज़ हमारे लिए मुक़द्दर है, वो हमें मिलकर रहेगी। और जो नहीं है, उससे बेहतर अल्लाह हमारे लिए रखता है।

4. इस्लामी रूटीन अपनाएं: नमाज़ को दिल का सुकून बनाएँ

तनाव से निपटने के लिए रूटीन बनाना वैज्ञानिक रूप से भी साबित तरीक़ा है। और इस्लाम ने हमें इससे कहीं ज़्यादा कुछ दिया है — पाँच वक्त की नमाज़। क़ुरआन में कहा गया:"सब्र और नमाज़ से मदद माँगो। और बेशक ये (नमाज़) भारी है, सिवाय उनके जो अल्लाह के सामने झुकने वाले हैं।" (Qur'an 2:45) हर नमाज़ एक ठहराव है — एक मौक़ा है अल्लाह से बात करने का, उसे अपने दिल की हालत बताने का, और उसके सामने रोने का। नमाज़ हमें याद दिलाती है कि हम अकेले नहीं हैं। हमारा रब, जो सबसे बड़ा, सबसे रहम वाला और सबसे क़रीब है — वो हमारी पुकार सुनता है।हर सजदा एक सुकून है, हर दुआ एक इलाज है।

अगर हम इन बातों को अमल में लाएँ, तो न सिर्फ़ हमारा दिल हल्का होगा, बल्कि हमें ज़िंदगी की हर आँधी से लड़ने की ताक़त भी मिलेगी।

# इस्लाम में औरतों के हक़: 1400 साल पुरानी रौशनी



इस्लाम को अक्सर औरतों के हक़ से जोड़कर देखा जाता है—कभी तारीफ में, तो कभी आलोचना में। मगर हक़ीक़त ये है कि इस्लाम वो पहला धर्म था जिसने औरतों को एक मुकम्मल इंसान की हैसियत दी, ना कि किसी की जायदाद या बोझ की तरह। 1400 साल पहले, जब औरतें ज़िंदा दफ़्न कर दी जाती थीं, इस्लाम ने उन्हें इज़्ज़त, बराबरी और हक़दार बनाया।

**इस्लाम के नज़रिए से औरत की पहचान**

इस्लाम का पैग़ाम साफ़ है: औरत और मर्द दोनों इंसानियत में बराबर हैं। अल्लाह ने दोनों को अलग-अलग खूबियाँ और जिम्मेदारियाँ दी हैं, मगर किसी को दूसरे से कमतर नहीं बनाया।

•इज़्ज़त और बराबरी

इस्लाम सिखाता है कि औरत को आदर और सम्मान मिलना चाहिए। उसे अपनी मर्ज़ी से सोचने, फैसले लेने और समाज में हिस्सेदारी का पूरा हक़ है।

•सामाजिक हक़ बीवी के तौर पर

इस्लाम में औरत को शादी से पहले अपनी मर्ज़ी से जीवनसाथी चुनने का हक़ है। शादी के बाद, वो 'मेहर' की हक़दार होती है और अगर ज़रूरत हो तो तलाक़ भी ले सकती है। पैग़म्बर मुहम्मद (स.अ.व.) ने कहा:

"तुम में सबसे बेहतर वह है जो अपनी बीवी से अच्छा बर्ताव करे।"

•मां के तौर पर

मां को इस्लाम में सबसे ऊँचा दर्जा दिया गया है। हदीस में है:

"जन्नत मां के कदमों के नीचे है।"

•बेटी और बहन के तौर पर

इस्लाम ने बेटियों को ज़िंदा दफ़्न करने की रस्म को न सिर्फ रोका, बल्कि बेटियों की परवरिश को जन्नत का ज़रिया बताया। बहनों को भी विरासत में हिस्सा दिया गया।

**आर्थिक हक़**

इस्लाम ने औरतों को माली आज़ादी दी है। वह अपनी जायदाद रख सकती है, कारोबार कर सकती है और नौकरी कर सकती है।

हज़रत ख़दीजा (र.अ.) – तिजारत में माहिर

हज़रत आयशा (र.अ.) – इल्म की मिसाल

हज़रत रुफैदा (र.अ.) – पहली मुस्लिम नर्स

हज़रत उम्म-ए-अम्मारा (र.अ.) – जंग में हिस्सा लेने वाली बहादुर महिला

इस्लाम में औरत को विरासत और मेहर दोनों का हक़ है। उसका माल सिर्फ उसका होता है—ना बाप, ना भाई, ना शौहर उसमें दख़ल दे सकते हैं।

**राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी**

इस्लाम ने औरतों को समाज और राजनीति में हिस्सा लेने का हक़ दिया। पैग़म्बर के दौर में औरतों ने 'बयअत' दी, सलाह-मशवरा किया और यहां तक कि हुकूमत भी चलाई।

मशहूर मुस्लिम लेखिका फ़ातिमा मर्निस्सी ने लिखा कि इस्लाम में कई महिलाओं ने रियासतें चलाईं—यह इस बात का सबूत है कि औरत सिर्फ घर की नहीं, समाज की भी रहनुमा है।

**इल्म और दीन में औरत की भागीदारी**

कुरआन की पहली आयत ही पढ़ने का हुक्म देती है—मर्दों और औरतों दोनों के लिए। इस्लाम में औरत को इल्म हासिल करना फर्ज़ है।हज़रत उम्म-ए-सलमा और फ़ातिमा बिन्त क़ैस जैसी महिलाओं ने फतवे दिए और समाज में दीन की रहनुमाई की। इस्लाम ने औरत को सिर्फ हक़ नहीं दिए—बल्कि उसे वह मुकाम दिया जो उस वक़्त किसी और समाज ने नहीं दिया था। जहां औरतें ज़िंदा दफ़्न की जाती थीं, वहीं इस्लाम ने उन्हें जन्नत का रास्ता बताया।

**हज़रत मोहम्मद (स.अ.व.) ने आखिरी खुत्बे में फरमाया:**

"औरतों के बारे में अल्लाह से डरो।" आज ज़रूरत है कि इस्लाम की असल तालीमात को समझा जाए, और औरतों के हक़ को उनकी असली रूह में लागू किया जाए—ताकि नाइंसाफ़ी, ज़ुल्म और अज्ञानता का ख़ात्मा हो सके।

# रहमतुल्लाह मोहम्मद सयानी: स्वतंत्रता आंदोलन के नायक जो अंतर्धारमिक सौहार्द का प्रतीक थे

रहमतुल्लाह मोहम्मद सयानी का जन्म 5 अप्रैल 1847 को बॉम्बे में हुआ था। 1885 में, वह दो प्रसिद्ध मुस्लिम सांसदों में से एक थे, जिन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले सत्र में भाग लिया था, जिसमें केवल 72 सदस्य थे।रहमतुल्लाह ने 1868 में अपनी मास्टर डिग्री हासिल की, ऐसे समय में जब मुसलमान अंग्रेजी शिक्षा से सावधान थे। बाद में, 1870 में उन्होंने कानून की डिग्री प्राप्त की और बॉम्बे में एक वकील के रूप में अभ्यास करना शुरू किया। अपनी मानवीय गतिविधियों के साथ, वह जनता से अपील करने में सक्षम थे। वह 1876 में बॉम्बे नगर निगम के लिए चुने गए थे। 1888 में, वह बॉम्बे नगर निगम के मेयर और उसी वर्ष बॉम्बे विधान परिषद के सदस्य चुने गए। वह 1896 तक बॉम्बे लेजिस्लेटिव काउंसिल के सदस्य के रूप में रहे। 1896 में, रहमतुल्लाह मोहम्मद सयानी इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल के लिए चुने गए। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 12वें अधिवेशन की अध्यक्षता की।भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन की नींव रहमतुल्लाह मोहम्मद सयानी ने बनाईथी। उन्होंने लोगों को बताया कि कैसे राष्ट्रीय धन का क्षरण हो रहा है औरभारतीय जनता किस प्रकार इसका परिणाम भुगत रही है। उन्होंने ब्रिटिश करप्रणाली की अनुचितता पर भी सवाल उठाया। रहमतुल्लाह ने कृषि और अकाल केमुद्दों की गहन जांच की, जिसे उन्होंने सैद्धांतिक रूप से प्रदर्शित किया औरब्रिटिश अधिकारियों को चेतावनी दी।उन्होंने देश को शोषणकारी ब्रिटिश नियंत्रण से मुक्त करने और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देकर लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपना जीवनसमर्पित कर दिया। रहमतुल्लाह मोहम्मद सयानी, जिन्हें लोगों द्वारा भारत का सच्चा प्यार करने वाला बेटा कहा जाता था, का 4 जून, 1902 को निधन हो गया।

# जेएलएन में नया मेडिसिन ब्लॉक हुआ शुरू

अजमेर,(रॉयल पत्रिका)। अजमेर संभाग के सबसे बड़े जेएलएन अस्पताल में बुधवार से मेडिसिन ब्लॉक की नई बिल्डिंग की विधिवत शुरुआत कर दी है। मेडिसिन यूनिट के रेजिडेंट व डॉक्टर्स अब यहीं पर बैठेंगे। पुरानी बिल्डिंग से मेडिसिन यूनिट के डॉक्टर्स का सारा सामान नई बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया गया है। पहले चरण में केवल ओपीडी ही संचालित की जा रही है। नई बिल्डिंग में RGHS व पर्ची काउंटर, दवा काउंटर, ब्लड सैंपल कलेक्शन, ईसीजी रूम व इंजेक्शन रूम की व्यवस्था की गई है। अभी इस बिल्डिंग में मरीजों की भर्ती शुरू नहीं होगी। आईपीडी को लेकर बाद में निर्णय लिया जाएगा।



**प्रिंसिपल और अधीक्षक ने देखी व्यवस्था**

नई बिल्डिंग में मेडिसिन ओपीडी शुरू होने के बाद मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर अनिल सामरिया, अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर अरविंद खरे की ओर से नई बिल्डिंग में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही सभी स्टाफ को निर्देश दिए कि किसी भी मरीज या उनके परिजनों को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। नई बिल्डिंग में साफ सफाई रखने के लिए भी निर्देश दिए।

प्रिंसिपल डॉक्टर अनिल समरिया ने बताया कि नई मेडिसिन ब्लॉक में आज से ओपीडी की शुरुआत कर दी है। इसे लेकर आज व्यवस्थाओं को चेक किया गया है। मरीज के सीटिंग अरेंजमेंट को भी चेक किया गया। दवा काउंटर, आरजीएस और पर्ची काउंटर को भी चेक किया है। मरीज को और बेहतर व्यवस्था मिले इसे लेकर भी प्रयास किए जा रहे हैं। ओपीडी में जो भी जांच होती थी वह सभी जांच इस बिल्डिंग में भी होंगे।

अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे ने बताया कि कई मरीजों को नई मेडिसिन ओपीडी की जानकारी नहीं है। इसके लिए पुरानी बिल्डिंग में एक हेल्प डेस्क तैयार की गई है। जहां मेडिसिन के मरीजों को नई बिल्डिंग की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ एक डायरेक्शन स्टीकर भी सभी जगह लगा दिए गए हैं। जिससे कि किसी को भी समस्या ना हो।

**नई बिल्डिंग में आकर मरीज हुए खुश**

मरीज मूमल राठौड़ ने बताया कि पुरानी बिल्डिंग में काफी समस्या होती थी। पुरानी बिल्डिंग से नई बिल्डिंग काफी बेहतर है। बैठने तक की व्यवस्था की गई है। मरीज इससे काफी कंफर्टेबल होगा।

महिला मरीज ज्योति कंवर ने बताया कि नई बिल्डिंग में आज दिखाने आए हैं। बिल्डिंग में काफी साफ सफाई रखी हुई है। भीड़ में अब खड़े होने की जरूरत नहीं है। नई बिल्डिंग में आकर अच्छा लग रहा है।

# जोधपुर में अब पुलिस करेगी ड्रोन से मॉनिटरिंग, 24 घंटे का शेड्यूल बनाया

## -शराब ठेकों से लेकर अवैध बजरी परिवहन पर रखेगी नजर

जोधपुर,(रॉयल पत्रिका)। पुलिस ने अपराध नियंत्रण, सूचना संकलन और असामाजिक गतिविधियों पर निगरानी के लिए दो ड्रोन टीमों की साप्ताहिक तैनाती और कार्य योजना बनाई है। इस संबंध में पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय-यातायात) शैलेद्रसिंह इंदोलिया की ओर से जारी आदेश के अनुसार दोनों ही ड्रोन टीम लगातार निगरानी करेंगे और इस दौरान मिलने वाली किसी भी अहम सूचना की रिपोर्ट अपने अधिकारी और पुलिस कंट्रोल रूम को देंगे और वहीं से बताई गई जानकारी के आधार पर त्वरित एक्शन भी लिया जाएगा।

दोनों ही टीमें पुलिस कंट्रोल रूम से ही अपनी रवानगी लेंगे और ड्यूटी खत्म होने के बाद वहीं पर अपनी आमद भी कराएंगे और प्रत्येक दिन की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी लिखित में प्रस्तुत करेंगे। इन्हीं रिपोर्ट्स के आधार पर साप्ताहिक विश्लेषण की जिम्मेदारी संबंधित जिला एडीसीपी की रहेगी, जो प्रत्येक सोमवार को पुलिस कमिश्नर के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

**दिन में निगरानी करने वाली टीम: (सुबह 9 से रात 9 बजे तक)**

सोमवार (उम्मेद स्टेडियम से): उम्मेद स्टेडियम में होने वाले स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम के मध्यनजर उम्मेद स्टेडियम व आसपास आबादी क्षेत्र की निगरानी संदिग्ध व्यक्ति, वाहन व भीड़भाड़ पर निगरानी व उम्मेद उद्यान में आने जाने वाले व्यक्तियों व जुआ सटोरियों पर निगरानी। आसपास के यातायात के पॉइंट पर तैनात यातायात कर्मियो के गतिविधियों पर निगरानी।

मंगलवार (आखलिया चौराहा से): आसपास के यातायात पॉइंट्स पर तैनात यातायात कर्मियों के गतिविधियों पर निगरानी, प्रतापनगर व बोम्बे मोटर प्राईवेट बस स्टैण्ड, मसुरिया पहाड़ी, चीरघर मोड पर चाय की थड़ी, होटलों, ढाबों पर बैठे युवा, बदमाशों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी।

बुधवार (पोलो ग्राउंड से): अवैध बजरी के डम्परों, ट्रेक्टरों पर निगरानी, सांसी कॉलोनी में अवैध गैस ऑटो रिफलिंग व मारवाड़ कन्वेसन सेन्टर पर निगरानी व नाका शिकारगढ़ पर आने-जाने वाले वाहनों व नाके पर तैनात पुलिस कर्मियों की गतिविधियों पर निगरानी। आसपास के यातायात के पॉइंट्स पर तैनात यातायात कर्मियों के गतिविधियों पर निगरानी।

गुरुवार (एम्स हॉस्पिटल ग्राउंड से): एम्स/एमडीएम हॉस्पिटल पार्किंग, शास्त्री सर्कल व भगत की कोठी रेल्वे स्टेशन पार्किंग व चाय के ढाबो पर बैठे बदमाश असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी व अवैध बजरी डम्पर / ट्रैक्टर पर विशेष निगरानी। आसपास के यातायात के पॉइंट्स पर तैनात यातायात कर्मियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी।

शुक्रवार (ओल्ड कैंपस ग्राउंड से): पुलिस लाइन, केन्द्रीय कारागृह, मुख्य रेल्वे स्टेशन की दोनों तरफ की पार्किंग, राईका बाग रेल्वे स्टेशन व रोडवेज बस स्टैंड स्टेण्ड पर पार्किंग की निगरानी व आने-जाने वाले यात्रियों पर व के.एन. कॉलेज परिसर पर विशेष निगरानी एवं कालिका पेट्रोलिंग दल में तैनात जाप्ता पर विशेष निगरानी। आसपास के यातायात के पॉइंट्स पर तैनात यातायात कर्मियों के गतिविधियों पर निगरानी।

शनिवार (कुड़ी भगतासनी ग्राउंड से): अवैध बजरी डम्पर व ट्रेक्टरों पर विशेष निगरानी व यातायात पॉइंट्स पर यातायात कर्मियों पर निगरानी व हाईकोर्ट परिसर व लिंक रोड पर संदिग्ध वाहनो पर निगरानी।

रविवार: मेंटेनेंस दिवस

**रात्रिकालीन टीम की तैनाती (रात 9 से सुबह 9 बजे तक)**

सोमवार (झालामण्ड सर्कल से): अवैध बजरी डम्पर व ट्रेक्टरों पर विशेष निगरानी व यातायात पॉइंट्स पर यातायात कर्मियों पर निगरानी व हाईकोर्ट परिसर व लिंक रोड पर संदिग्ध वाहनो पर निगरानी व शराब के ठेको पर निश्चित समयावधि के पूर्व व पश्चात शराब ब्रिकी पर निगरानी।

मंगलवार (उम्मेद स्टेडियम से): उम्मेद स्टेडियम में होने वाले स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम के मध्यनजर उम्मेद स्टेडियम व आसपास आबादी क्षेत्र की निगरानी संदिग्ध व्यक्ति, वाहन व भीडभाड पर निगरानी व उम्मेद उद्यान में आने जाने वाले व्यक्तियों पर निगरानी, शराब के ठेकों पर निश्चित समयावधि के पूर्व व पश्चात शराब ब्रिकी पर निगरानी व पुराना हाईकोर्ट परिसर की निगरानी।



बुधवार (पोलो ग्राउंड): अवैध बजरी के डम्परों, ट्रेक्टरों पर निगरानी, नाके पर तैनात पुलिस कर्मियों पर निगरानी, शराब के ठेकों पर निश्चित समयावधि के पूर्व व पश्चात शराब ब्रिकी पर निगरानी।

गुरुवार (आखलिया चौराहा से): मसूरिया पहाडी, चीरघर मोड पर चाय की थडी, होटलों, ढाबों पर बैठे युवा बदमाशों, संदिग्ध व्यक्तियो पर निगरानी, शराब के ठेकों पर निश्चित समयावधि के पूर्व व पश्चात शराब बिकी पर निगरानी व रात्री में अवांछित गतिविधियो वाले बदमाशो पर विशेष निगरानी।

शुक्रवार (उम्मेद स्टेडियम): उम्मेद स्टेडियम में होने वाले स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम के मध्यनजर उम्मेद स्टेडियम व आसपास आबादी क्षेत्र की निगरानी संदिग्ध व्यक्ति वाहन व भीडभाड पर निगरानी व उम्मेद उद्यान में आने जाने वाले व्यक्तियों पर निगरानी शराब के ठेको पर निश्चित समयावधि के पूर्व व पश्चात शराब ब्रिकी पर निगरानी।

शनिवार (पोलो ग्राउंड से): अवैध बजरी के डम्पर, ट्रेक्टरों पर निगरानी, नाके पर तैनात पुलिस कर्मियो पर निगरानी शराब के ठेको पर निश्चित समयवधि के पूर्व व पश्चात शराब बिक्री पर निगरानी

रविवार: मेंटेनेंस दिवस

# बाड़मेर प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने ली वंदे गंगा अभियान की समीक्षा बैठक

## -बाड़मेर शहर के ड्रैनेज के लिए डीपीआर बनाने के लिए कहा

बाड़मेर,(रॉयलपत्रिका)। पशुपालन, गोलपान एवं देवस्थान मंत्री तथा बाड़मेर जिले के प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट कॉन्फ्रेंस हॉल में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के क्रियान्वयन की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। प्रभारी मंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आगामी मानसून से पूर्व प्राचीन कुएं, बावड़ी, तालाब और जल स्रोतों की साफ-सफाई कर जल संरक्षण के लिए तैयार रखने के दिशा—निर्देश दिए।




उन्होंने कहा कि तालाब, नाड़ी, कुएं एवं पोखर हमारे पारंपरिक जल स्रोत हैं। पहले की पीढ़ियों के लिए यही एक मात्र पानी के स्त्रोत थे। इन सभी प्राचीन जल स्रोतों को संरक्षित एवं स्वच्छ रखना हम सबका कर्तव्य है। इसके साथ ही राज्य सरकार के हरियालो राजस्थान के तहत जिले में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और आमजन को इसके लिए जागरूक करने की बात कही।

कुमावत ने कहा कि जल संरक्षण के लिए हम सबको टीम भावना के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि जो पुरानी नाड़ियां या तालाब है उनका इस अभियान के तहत जीर्णोद्धार करके उनको उपयोगी बनाएं, ताकि यह अभियान सही मायने में सार्थक हो। इसके साथ ही वृक्षारोपण के सम्बंध में विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त की और यहां की जलवायु के दृष्टिगत अधिक से अधिक पौधे लगाने के निर्देश दिए। कुमावत ने इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों की ओर से अभी तक किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से प्रगति रिपोर्ट ली। इसके साथ ही उन्होंने वाटरशेड विभाग को भूजल ग्रहण और जल संरक्षण के लिए सर्मपूण आवंटित बजट के समय सीमा में पूर्ण सदुपयोग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग को सड़कों के किनारे पेड़ लगाने के निर्देश दिए। बैठक में बाड़मेर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री रवि कुमार ने इस अभियान के तहत अभी तक हुई प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**बाड़मेर शहर की जल भराव समस्या के समाधान के लिए डीपीआर बनाने के दिए निर्देश—**

जिला प्रभारी मंत्री कुमावत ने बाड़मेर शहर में जलभराव की समस्या के निदान के लिए नगर परिषद को स्थाई समाधान के लिए डीपीआर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस सम्बंध में विशेषज्ञों से भी राय ली जाए। उन्होंने इस कार्य में सार्वजनिक निर्माण विभाग, पीएचईडी विभाग, नगर परिषद, यूआईटी और आरयूआईडीपी को संयुक्त रूप से प्लान बनाने के निर्देश दिए।

**बलदेव नगर का ड्रैनेज का प्लान बनाएं—**

जिला प्रभारी मंत्री शहर में स्थित बलदेव नगर में भरने वाले पानी की निकासी, सीवरेज लाइन और नए नाले निर्माण सहित ड्रैनेज प्लान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी विभाग मिलकर इस समस्या का समाधान करें और यहां के निवासियों को इस समस्या से निजात दिलाएं।

बैठक में बाड़मेर विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी, जिला कलक्टर टीना डाबी सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर हुआ प्रदर्शन

**शब्बीर हुसैन**

बारां,(रॉयल पत्रिका)। जिले में लगातार अघोषित बिजली कटौती ओर अनिमियताओ व लापरवाही के खिलाफ अकाल मृत्यु की घटना के विरोध में स्व. ओमप्रकाश व्यास मानव सेवार्थ समिति व वासुदेव गौ सेवा समिति के द्वारा शहर के बिजली उपभोक्ताओं, छात्र नेताओं, गौ सेवको के साथ बिजली कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया गया। मंगलवार को होने वाले प्रदर्शन की सूचना कॉल/मेसेज द्वारा अधीक्षक अभियंता को प्रदर्शन की सूचना दी गई जिसपर सुबह 11 बजे से प्रर्दशनकारियों का कार्यालय के बाहर इक्कठा होने शुरू हो गया था। जहां अधिकारी सरकारी वाहन में पहले रवाना हो गए। इससे नाराज युवाओ ने जमकर नारेबाजी कर कार्यालय के बाहर बैठ गए ओर बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाने को अड़ गए।



थाली कटोरी प्रदर्शन के दौरान युवा थाली कटोरी व घण्टी लेकर गेट के बाहर बैठ गए व अधीक्षण अभियंता की कुर्सी पर ज्ञापन चिपकाकर आरती उतारने पर अड़ गए जहां पुलिस की समझाइश के बाद एक्सईन द्वारा प्रतिनिधि मंडल को वार्ता के लिए बुलाया गया परंतु युवाओ की मांग पर अधिकारी को गेट पर बुलाकर ज्ञापन दिया गया।

**जहाँ बिजली अधिकारियों के साथ 5 मांगो पर बनी सहमति**

जिसमें मेंटिनेंस की पूर्व व बाद कि वीडियो मीडिया में सार्वजनिक की जायगी। शहर में बिजली समस्याओ के निस्तारण व जानकारी हेतु प्रशिक्षित कर्मचारी की नियुक्ति और टोल फ्री नो जारी किया जाएगा।

**जिले में दुर्घटना संभावित क्षेत्र का सर्वे करवाकर उन्हें दुरुस्त किया जाएगा।**

शहर में हाई-लो वोल्टेज खामी व ट्रिपिंग समस्या की दूर किया जाएगा। ओर एफआर टीम की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव को बनाकर विभाग को भेजा जाएगा। समिति के प्रियांशु शर्मा, शशांक शर्मा ने बताया कि बारां में लगातार आमजन को बिजली की समस्या से सामना करना पड़ रहा है जहां घर, व्यापार के सारे काम काज ठप हो जाते है मजबूरन आज प्रदर्शन करना पड़ा। इस मौके पर दिनेश शर्मा, मेडिकल व्यवसायी किशन शर्मा, अनिल सेन, गगनदीप चौहान, प्रमोद शर्मा, प्रियांशु शर्मा, पार्थ बंसल, शशांक शर्मा, छात्र संघ महसचिव साजिद हुसैन, हिमांशी मीणा, निक्की मीणा अंकित, सुमित नागर, देवेश सुवालका, वीरेंद्र शर्मा, अंशुल व्यास, दीपेश गर्ग, ऋषभ मंगल, अनीश सुमन, जयेश सोनी, आकाश सिंह, गौ सेवक योगेश गुप्ता, मनोज शर्मा, सानिध्य शर्मा, आकाश, परीक्षित गोयल, मनुज प्रताप, जयदीप सोलंकी, धीरज शर्मा, संकेत यदुवंशी, जयेश शर्मा, धीरज गुर्जर, सन्नी सोनी आदि मौजूद रहे।

# योग दिवस की तैयारियों के लिये जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने सफल आयोजन के लिये दिये निर्देश

पाली, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में आज सूचना प्रौधोगिकी संचार विभाग के वीसी रूम में 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 आयोजन को लेकर जिला कलक्टर ने वीसी के माध्यम से जिला स्तर एव ब्लॉक स्तर अधिकारियो को तैयारियों के लिये आवश्यक निर्देश दिये।



वीसी में जिला कलक्टर ने योग दिवस की तैयारियों के लिये जिनमें जिला स्तरीय कार्यक्रम लाखोटिया में व जिले के अन्य स्थानों पर आयोजित होने वाले योग दिवस के बारे में उपखंड अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। योग दिवस समारोह में जिला एवं समस्त अधीनस्थ कार्यालयों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके निकटस्थ आयोजित होने वाले योग दिवस में शतप्रतिशत भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष भी 11 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 जिला मुख्यालय/प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालयों/ग्राम पंचायत बालयों/धार्मिक-सामाजिक स्थलों/पर्यटन स्थलों/सार्वजनिक स्थलों पर दिनांक 21 जून, 2025 को "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के साथ कार्यकम आयोजित होगा। जिसमे केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के विभागो, उपक्रमों, निगमों, बोर्ड एवं सामाजिक भामाशाहों, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्वयं सेवी संगठनों आदि भाग लेंगे।

जिला कलक्टर जिला एव ब्लॉक के अधिकारियों को निर्देशित किया कि 11 वा अंतराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप प्रदान करे। योग स्वस्थ्य एवं स्वस्थ समाज के लिए अति आवश्यक है। योग दिवस पर आमजन की अधिक से अधिक सहभागिता निर्धारित की जाए। साथ ही इससे जुडे विभागों को इसके बारे में आवश्यक निर्देश दिये।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 का जिला स्तर का कार्यक्रम लाखोटिया उद्यन में होगा। जिले में रणकपुर, मानपुरा भाखरी, सोनाणा खेतला जी, ओम आश्रम जाडन, जवाई आदि पर भी योग दिवस का आयोजन किया जायेगा। साथ ही ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तर, आयुष्मान ग्य मन्दिर, सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा चिन्हित धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर प्रातः 6.00 से 8.00 बजे जिसमें 6.30 से 7.00 बजे तक माननीय प्रधानमंत्री के उदबोधन का लाईव प्रसारण होगा तत्पश्चात 7.00 से 7.45 तक आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल अनुसार योगाभ्यास कर योग दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर वीसी में जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने योग दिवस से संबधित पोस्टर व पैम्पलेट का विमोचन किया जिसमें योग के बारे में जानकारी दी गयी है।

# बून्दी की ऐतिहासिक विरासत और जनभागीदारी के साथ शहर का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता

बूंदी,(रॉयल पत्रिक)। बून्दी शहर के समग्र विकास को लेकर मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में बून्दी जिला प्रशासन, नगर परिषद, HUDCO और विभिन्न विभागों की संयुक्त उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में 280 करोड़ की लागत से प्रस्तावित बहुक्षेत्रीय विकास परियोजनाओं की समीक्षा की गई। बिरला ने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य बून्दी को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और पर्यटन व व्यापार के लिए उपयुक्त शहर के रूप में विकसित करना है। बैठक में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भी उपस्थित रहे। नगर परिषद बूंदी द्वारा जिन प्रमुख परियोजनाओं को प्रस्तावित किया गया है, उनमें सड़कें और इंटरलॉकिंग, अंडरग्राउंड पार्किंग, आजाद पार्क का पुनर्विकास, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट्स, हेरिटेज पोल्स, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स और रैन बसेरे, तीज मेला ग्राउंड का पुनर्विकास, पार्कों का संरक्षण, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, नाला विकास, हेरिटेज संरक्षण, टूरिज्म प्रमोशन और आवासीय व व्यावसायिक योजनाएं शामिल हैं।

**जनभावनाओं के अनुरूप होंगे विकास कार्य—**



बिरला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान के अनुरूप हों और योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने आजाद पार्क के विकास में आमजन की भावनाओं को प्राथमिकता देने, हाड़ा रानी संग्रहालय या पनोरमा हेतु प्रस्ताव तैयार करने और मास्टर प्लान का नियमित रूप से पुनर्मूल्यांकन कर आवश्यक संशोधन करने को कहा। साथ ही कचरा संग्रहण के लिए ट्रिपरों की संख्या बढ़ाने और प्रमुख सड़कों के किनारे रेलिंग लगाने जैसे निर्देश भी दिए।

**फ्लाईओवर से सुगम होगा यातायात—**

बिरला ने कहा कि क्षेत्र को बेहतरीन सड़क कनेक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है और आने वाले समय में उत्कृष्ट सड़क तंत्र से आवागमन सुगम होगा। शहर की ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए 55.30 करोड़ से बत्ती सर्किल से माटूंदा रोड होते हुए नैनवां रोड फ्लाईओवर बनाया जाएगा। बिरला ने कहा कि यह फ्लाईओवर खटखड़, लाखेरी, रायथल, नैनवां और केशवरायपाटन जैसे क्षेत्रों के आवागमन को सुगम बनाएगा और व्यापार व पर्यटन को गति देगा।

**टाइगर रिजर्व से बढ़ेगा पर्यटन और रोजगार—**

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व ESZ की सीमा घटाए जाने के बाद पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी और एडवेंचर टूरिज्म के क्षेत्र में नई संभावनाएं खुल जाएगी। रिसॉर्ट्स, होटल और पर्यटक हट्स के निर्माण से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि सफारी, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी और ईको-टूरिज्म जैसे उपक्रमों को बढ़ावा देकर बून्दी को पर्यटकों की पहली पसंद बनाया जाएगा।

# राज्यपाल ने अन्नपूर्णा नगरी को विकास की गति प्रदान करने के लिए जिले के अधिकारियों को किया निर्देशित

**शब्बीर हुसैन**

बारां, (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल महामहिम हरिभाऊ बागड़े ने बुधवार को बारां जिले के दौरे के दौरान मिनी सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जिले को 'अन्नपूर्णा नगरी' के रूप में विकसित करने के लिए समन्वित प्रयासों पर बल देते हुए अधिकारियों को योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि बारां जिला पर्यटन और सांस्कृतिक विविधता के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना और अन्य विकास योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान देने को कहा।



उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि इनका लाभ प्रत्यक्ष रूप से जनता को मिलना चाहिए। महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और कृषि विभाग को ग्रीन हाउस व आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन, स्वामित्व योजना और टीबी उन्मूलन जैसे स्वास्थ्य अभियानों की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला कलक्टर को टीबी मुक्त केंद्र की स्थापना करने को कहा। राज्यपाल ने वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान की जानकारी लेते हुए जल संरक्षण की दिशा में सतत प्रयासों पर बल दिया। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में बेहतर भवन, खेल मैदान और बौद्धिक विकास के लिए संसाधन जुटाने की आवश्यकता बताई। सार्वजनिक निर्माण विभाग को सभी गांवों को सड़क मार्ग से जोड़ने के निर्देश भी दिए। बैठक में सांसद दुष्यंत सिंह ने भी जिले के समुचित विकास के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने को कहा। विधायक किशनगंज ललित मीणा, विधायक बारां-अटरू राधेश्याम बैरवा तथा जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया। राज्यपाल ने राजीविका समूह की ओर से लगाए गए स्टालों का निरीक्षण भी किया और उनके उत्पादों की सराहना की। बैठक में एसपी राजकुमार चौधरी, एडीएम दिवांशु शर्मा, सीईओ राजवीर सिंह चौधरी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला के पेट से तरबूज के आकर की गांठ का सफल आपरेशन किया - डॉ. सीमा रानी

## -सामान्य चिकित्सालय में बच्चेदानी की सबसे बढ़ी गांठ का ऑपरेशन हुआ

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा रानी मीना ने महिला मरीज रुकमणी देवी निवासी रेडावत खंडार उम्र 51 वर्ष की बच्चे दानी का सफल ऑपरेशन किया। महिला पिछले छः महिने से पेट दर्द की समस्या से जूझ रही थी। शुरुआत में नींबू के आकार की यह सूजन अब 6 महीने में तरबुज के आकार की हो गयी थी। जिससे उसको चलने फिरने में अधिक परेशानी हो रही थी। जाँच में स्पष्ट हो गया था की इसकी जिन्दगी बचाने के लिए बच्चेदानी को निकालना अतिआवश्यक है।



डॉ. सीमा रानी ने बताया कि जिला अस्पताल सवाई माधोपुर में अब तक की यह बच्चेदानी की सबसे बढ़ी गांठ थी। इस तरह की जटिल सर्जरी पहले बड़े चिकित्सा संस्थाओं में होती थी। पर अब जिला अस्पताल में हो रही है। यह जिले वासियो के लिए अभूतपूर्व उपाधि है यह ग्रामीण चिकित्सा सेवाओं की क्षमताओं को भी दर्शाती है । गौरतलब है कि डॉ. सीमा रानी के दाये हाथ की कलाई में फरवरी माह में फ्रेक्चर हो गया था और मार्च में फोर्टिस अस्पताल जयपुर मे उसका ऑपरेशन हुआ था। एक जटिल ऑपरेशन था पर मरीज की जान बचाने के लिए इमरजेंसी में सफलता पूर्वक ऑपरेशन किया अब महिला पूर्ण रूप से स्वस्थ है।

# सोलर सेक्टर में काम करेगी कंपनी, कल रहेगी निवेशकों की नजर, 45 पैसे का है शेयर

**मुंबई।** पेनी स्टॉक केबीसी ग्लोबल के शेयर कल सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में रह सकते हैं। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 2 प्रतिशत से अधिक टूट गए और 0.45 रुपये पर पहुंच गए थे। दरअसल, कंपनी ने एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, धरन इंफ्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की घोषणा की है। यह सहायक कंपनी सोलर एनर्जी और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में काम करेगी, जिससे इस क्षेत्र में कंपनी की उपस्थिति मजबूत होगी।

### क्या है डिटेल

नासिक स्थित इंफास्ट्रक्चर और ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) सेवा फर्म ने 14 जून को घोषणा की कि उसने रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में अपने विस्तार के हिस्से के रूप में एक नई पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, धरन इंफ्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड को शामिल किया है। केबीसी ग्लोबल ने कहा,बोर्ड मेंबर ने 13 जून, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में इस कदम को मंजूरी दे दी।



नई कंपनी सौर और हाइब्रिड ऊर्जा समाधानों पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो स्थिरता और हरित प्रौद्योगिकी के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप होगी। कंपनी ने आगे बताया कि धरन इंफ्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड रिन्यूएबल एनर्जी मॉड्यूल, सेल और सहायक उपकरण के निर्माण, डिजाइन, विकास और सुधार सहित कई तरह की गतिविधियों में शामिल होगी। इसमें अनुसंधान, व्यापार, खरीद, बिक्री, थोक बिक्री, खुदरा बिक्री, वितरण, आयात, निर्यात, संयोजन, निर्माण, मरम्मत, रखरखाव, परिवर्तन और सौर ऊर्जा परियोजनाओं और हाइब्रिड सिस्टम का संचालन शामिल है जो सौर फोटोवोल्टिक प्रौद्योगिकी को अक्षय ऊर्जा के अन्य रूपों के साथ जोड़ते हैं - जिसका उद्देश्य सोलर एनर्जी परियोजनाओं के लिए एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करना है। कंपनी बुनियादी ढांचे और ईपीसी परियोजनाओं पर फोकस करने और बाजार में अपने ब्रांड को फिर से स्थापित करने के लिए रणनीतिक बदलाव के हिस्से के रूप में केबीसी ग्लोबल लिमिटेड से धरन इंफ्रा-ईपीसी लिमिटेड में रीब्रांडिंग कर रही है। फरवरी 2024 में, निदेशक मंडल ने 260 करोड़ के ऑर्डर बुक साइज के साथ शेयरधारकों को 1:1 बोनस शेयर जारी करने को मंजूरी दी।

### केबीसी ग्लोबल शेयर

जून में अब तक पेनी स्टॉक में लगभग 22 प्रतिशत की उछाल आई है और ऐसा लगता है कि यह सात महीने की गिरावट के अपने सिलसिले को तोड़ने वाला है। पिछले साल भर में, स्टॉक में 50 प्रतिशत की गिरावट आई है, पिछले साल 7 नवंबर को 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 1.28 और इस साल 13 मई को 52-सप्ताह के निम्नतम स्तर 0.34 पर पहुंच गया।

# निवेशकों को तगड़ा झटका !

## एसबीआई ने इस एफडी की ब्याज दर पर चलाई कैंची



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने अमृत वृष्टि स्पेशल एफडी स्कीम पर ब्याज दरों में कटौती कर दी है, जिससे फिक्स्ड डिपॉजिट करने वाले निवेशकों को झटका लगा है। नई ब्याज दरें 15 जून 2025 से लागू होंगी। हालांकि, अन्य सामान्य एफडी योजनाओं की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### कितना घटा ब्याज

अमृत वृष्टि योजना में 444 दिनों की अवधि के लिए अब ब्याज दर 6.85 प्रतिशत से घटाकर 6.60 प्रतिशत कर दी गई है। यह कटौती 25 बेसिस प्वाइंट की गई है।

**सीनियर और सुपर सीनियर सिटीजन के लिए क्या है नई दर-** सीनियर सिटीजन (60 वर्ष या उससे अधिक) को अब 7.10 प्रतिशत सालाना ब्याज मिलेगा। सुपर सीनियर सिटीजन (80 वर्ष या उससे अधिक) को 7.20 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी, जिसमें 10 बीपीएस का अतिरिक्त लाभ शामिल है।

**समय से पहले एफडी तोड़ने पर पेनल्टी-** 5 लाख रुपए तक की एफडी- समय से पहले तोड़ने पर 0.50 प्रतिशत जुर्माना। 5 लाख से 3 करोड़ रुपए तक की एफडी- तोड़ने पर 1 प्रतिशत जुर्माना।

### ब्याज दरों में कटौती का कारण

हाल ही में आरबीआई की जून नीति बैठक में रेपो रेट में 50 बीपीएस की कटौती की गई थी।

# कंपनी के पास 30,000 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर, नेट प्रॉफिट में 316 प्रतिशत उछाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्मार्ट मीटरिंग कंपनी जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने शेयर बाजार में बीते कुछ सालों के दौरान शानदार प्रदर्शन किया है। इस कंपनी के पास 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत का वर्क ऑर्डर है। अगले 3 से 4 महीने में तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक और वेस्ट बंगाल में 27,300 करोड़ रुपये का टेंडर खुलने जा रहा है। बता दें, इस कंपनी के प्रदर्शन को लेकर 2-2 एक्सपर्ट्स बुलिश हैं। मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयरों पर नजर रखने वाले 2 एक्सपर्ट्स ने रेटिंग दी है। दोनों ब्रोकर ने इस स्टॉक को ब्रुइ टैग दिया है। बता दें, इस कंपनी की वित्तीय स्थिति भी काफी मजबूत है।

**कंपनी का रेवन्यू कितना रहा है-** जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का रेवन्यू मार्च तिमाही के दौरान 937 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का रेवन्यू 420 करोड़ रुपये रहा था। यानी रेवन्यू के मोर्चे पर 123.10 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। जनवरी से मार्च 2025 के दौरान इस कंपनी का नेट प्रॉफिट 316.13 प्रतिशत बढ़ा है। जोकि एक वित्त वर्ष पहले इसी तिमाही में यह 31 करोड़ रुपये रहा है। बता दें, जनवरी से मार्च 2025 के दौरान इस कंपनी का नेट प्रॉफिट 129 करोड़ रुपये रहा था।

### शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन बीते एक साल में कैसा रहा

शुक्रवार को जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयर 3.88 प्रतिशत की गिरावट के बाद 370.30 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। महज एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 12 प्रतिशत से अधिक चढ़ा है। वहीं, 2 साल में कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों को 256 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। बता दें, बीते 5 साल में इस कंपनी ने 1833 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।



## स्पाइसजेट का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में तीन गुना होकर 325 करोड़ रुपए पर

**मुंबई, एजेंसी।** किफायती एयरलाइंस स्पाइसजेट ने शनिवार को कहा कि बीते वित्त वर्ष की मार्च 2025 तिमाही में उसका कर पश्चात एकल मुनाफा लगभग तीन गुना होकर 324.87 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एयरलाइन ने शेयर बाजार को बताया कि 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका शुद्ध





लाभ 119 करोड़ रुपए था। स्पाइसजेट ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 16 प्रतिशत घटकर 1,446.37 करोड़ रुपए रह गया, जो 2023-24 की चौथी तिमाही में 1,719.3 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2024-25 में स्पाइसजेट का घाटा सालाना आधार पर 409 करोड़ रुपए से बढ़कर 580.74 करोड़ रुपए हो गया। इस अवधि में परिचालन राजस्व 25 प्रतिशत घटकर 5,284 करोड़ रुपए रह गया।

## अमेजन के जेफ बेजोस की जगह इस बिजनेसमैन ने ली

### बने दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति, 1 दिन में 26 बिलियन जोड़े

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस अब दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति नहीं रह गए। लैरी एलिसन ने गुरुवार को अपने नेटवर्थ में 26 बिलियन डॉलर जोड़े हैं। जोकि किसी भी अरबपति के द्वारा एक दिन में जोड़ा गया सबसे अधिक पैसा है। जिसके बाद 12 जून को उनकी नेट वर्थ 243 बिलियन डॉलर हो गई है। वहीं, अमेजन के चेयरमैन जेफ बेजोस की नेटवर्थ 227 बिलियन डॉलर है। बता दें, जेफ बेजोस ने 8 साल के बाद अरबपतियों की लिस्ट में दूसरे स्थान को गंवाया है। जेफ बेजोस इस समय मेटा के चेयरमैन मार्क जुकरबर्ग (239 बिलियन) से भी पिछड़ गए हैं। बता दें, अरबपतियों की लिस्ट में नंबर एक स्थान पर इस समय भी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क काबिज हैं। उनकी नेटवर्थ 407 बिलियन



डॉलर है। एलिसन की संपत्ति में इजाफा ओरेकल के शानदार प्रदर्शन की वजह से हुआ है। मई में समाप्त हुए तिमाही में ओरेकल का नेट प्रॉफिट और रेवन्यू मार्केट के अनुमान के मुताबिक रहा है। जिसकी वजह कंपनी के शेयरों का भाव पहली बार 200 डॉलर को क्रॉस कर गया। जिसका फायदा एलिसन को भी मिला है। फॉर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार ओरेकल के शेयरों की कीमतों में बुधवार को 13 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली थी। कंपनी की तरफ से जारी रिपोर्ट के अनुसार अर्निंग पर शेयर 1.70 डॉलर पहुंच गया है। वहीं, सेल्स 15.9 बिलियन डॉलर रहा है।

**जेफ बेजोस कब बने थे दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति-** अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस 2017 में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए थे। तब उनका नेटवर्थ 75.6 बिलियन डॉलर पहुंच गया था।

# पाटिल ऑटोमेशन लिमिटेड का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** पाटिल ऑटोमेशन लिमिटेड (कंपनी), जो विभिन्न क्षेत्रों के निर्माताओं के लिए पूरी तरह से स्वचालित रोबोटिक लाइनों और कस्टम ऑटोमेशन सॉल्यूशंस का डिज़ाइन और निर्माण करती है, अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश सोमवार, 16 जून 2025 को लॉन्च करने जा रही है। कंपनी इस इश्यू के माध्यम से 69.61 करोड़ (ऊपरी प्राइस बैंड के अनुसार) जुटाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे।

इस इश्यू के तहत कंपनी 58,00,800 इक्विटी शेयर 10 के फेस वैल्यू पर, प्राइस बैंड 114 से 120 प्रति शेयर के बीच जारी करेगी।

आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए किया जाएगा- नई विनिर्माण सुविधा की स्थापना हेतु पूंजीगत व्यय, कंपनी द्वारा लिए गए कुछ ऋणों का पुनर्भुगतान, और सामान्य कॉर्पोरेट आवश्यकताएं।

इस इश्यू के लिए एंकर निवेश की प्रक्रिया 13 जून 2025 को खुलेगी और इश्यू 18 जून 2025 को बंद होगा।

पाटिल ऑटोमेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री मनोज पाटिल ने कहा, इस पब्लिक ऑफरिंग के साथ हम अपनी विकास यात्रा में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य पटिल ऑटोमेशन को कस्टमाइज्ड इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन सॉल्यूशन्स के अग्रणी प्रदाता के रूप में और मजबूत करना है। हमने उच्च गुणवत्ता वाले, विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए ऑटोमेशन सिस्टम लगातार डिलीवर कर देश के प्रमुख आइएमएस और कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स के साथ मजबूत साझेदारियाँ विकसित की हैं। आज हम 10 राज्यों में अपनी मजबूत उपस्थिति और लगातार मिल रहे रिपीट ऑर्डर्स के माध्यम से अपने समाधान की विश्वसनीयता और ग्राहक प्रतिबद्धता को सिद्ध कर चुके हैं। यह आगामी आईपीओ हमारे दीर्घकालिक विज़न का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इससे प्राप्त पूंजी का उपयोग हम एक नई मैन्युफैक्चरिंग सुविधा की स्थापना के लिए करेंगे, जिससे हम विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन और डिफेंस सेगमेंट में बढ़ती मांग को पूरा कर सकेंगे। साथ ही, यह हमारे भविष्य के विकास को वित्तीय मजबूती प्रदान करेगा।

श्री गौतम लाठ, निदेशक, सीरीन कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, हमें पाटील ऑटोमेशन लिमिटेड के आईपीओ में लीड मैनेजर के रूप में जुड़कर खुशी हो रही है। कंपनी ने औद्योगिक ऑटोमेशन क्षेत्र में ओईएम और कंपोनेंट निर्माताओं के लिए व्यावहारिक और कस्टमाइज्ड समाधान प्रदान करते हुए एक मजबूत पहचान बनाई है।

उद्योगों में बढ़ती दक्षता और तकनीक अपनाने पर जोर के साथ ऑटोमेशन की मांग लगातार बढ़ रही है। पाटील ऑटोमेशन अपनी वर्तमान क्षमताओं और अनुभव के साथ इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हमें विश्वास है कि इस आईपीओ से मिलने वाली राशि कंपनी को अपने विनिर्माण ढांचे के विस्तार और नए उभरते क्षेत्रों में अपनी पकड़ मजबूत करने में सहायता करेगी।

## 5 टुकड़ों में बंट जाएगा स्मॉल कैप स्टॉक, रिकॉर्ड डेट इसी महीने, कीमत 50 रुपये से कम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लड्डू गोपाल ऑनलाइन सर्विसेज के शेयरों का बंटवारा होने जा रहा है। कंपनी के शेयरों का बंटवारा 5 हिस्सों में किया जा रहा है। इस स्टॉक का भाव 50 रुपये से कम का है। आइए विस्तार से जानते हैं इस स्टॉक के विषय में -

**10 टुकड़ों में बांटा जाएगा-** लड्डू गोपाल ऑनलाइन सर्विसेज के शेयरों का बंटवारा 5 हिस्सों में किया गया है। 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर की फेस वैल्यू 5 टुकड़ों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक की फेस वैल्यू घटकर 2 रुपये प्रति शेयर हो जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के लिए कंपनी ने 24 जून 2025 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी इस दिन कंपनी के शेयरों का 5 हिस्सों में बंटवारा हो जाएगा।




**शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन कैसा रहा-** शुक्रवार को कंपनी के शेयरों का भाव 5 प्रतिशत की गिरावट के बाद 21.40 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। बीते एक महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 29 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। 2025 में कंपनी के शेयरों का भाव 30 प्रतिशत बढ़ा है। हालांकि, इसके बाद भी कंपनी के शेयरों का भाव 12.22 नीचे गिरा है। सेंसेक्स इंडेक्स में इस दौरान 5.61 प्रतिशत की उछाल देखन को मिली है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 26.72 रुपये और 52 वीक लो लेवल 11.96 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 57.69 करोड़ रुपये का है। 2 साल

## आकाश भोपाल के ठाकुर आर्यमन सिंह की नीट यूजी 2025 में ऑल इंडिया रैंक 568

**भोपाल।** देशभर में परीक्षा की तैयारी कराने वाली अग्रणी संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने गर्वपूर्वक घोषणा की है कि भोपाल शाखा के 5 छात्रों ने नीट यूजी 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर शीर्ष रैंक प्राप्त की है।

यह उत्कृष्ट उपलब्धि छात्रों की निष्ठा, शैक्षणिक अनुशासन और एइएसएल द्वारा प्रदान किए गए विश्वस्तरीय कोचिंग और मार्गदर्शन का परिणाम है। परीक्षा परिणाम कल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित किए गए। भोपाल शाखा के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्र हैं- ठाकुर आर्यमन सिंह - ऑल इंडिया रैंक 568 विशिष्ठ यादव एआइआर 1709, आस्था चौधरी एआइआर 2519, अनुष्ठ सिंह एआइआर 2629, मनमीत कौर मोंगा एआइआर 2900, ये छात्र एइएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित थे, जिसे विशेष रूप से नीट जैसी कठिन मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए तैयार किया गया है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय एइएसएल द्वारा दी गई मजबूत शैक्षणिक नींव, स्पष्ट वैचारिक समझ और नियमित एवं अनुशासित अध्ययन पद्धति को दिया। छात्रों ने कहा-हम आकाश के बेहद आभारी हैं, जिन्होंने हमारी इस यात्रा में हर कदम पर मार्गदर्शन किया। संगठित पाठ्यक्रम, विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम और व्यक्तिगत मेंटरशिप ने जटिल विषयों को समझना आसान बना दिया।

एइएसएल के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। एइएसएल के चीफ एकेडमिक एंड बिजनेस हेड डॉ. एच.आर. राव ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा- नीट यूजी 2025 में हमारे छात्रों की उत्कृष्ट सफलता पर हमें अत्यधिक गर्व है। इस परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करना कोई साधारण बात नहीं है, विशेष रूप से तब जब इसमें देशभर से लाखों छात्र भाग लेते हैं। यह परिणाम न केवल छात्रों की मेहनत और दृढ़ संकल्प का, बल्कि उनके अभिभावकों के सहयोग और हमारी अकादमिक टीम की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण हैं। हम इन सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल चिकित्सा करियर के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

# 800 प्रतिशत रिटर्न देने वाले स्टॉक को 5 हिस्सों में हो रहा बंटवारा

### 69.30 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में कंपनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर स्टॉक केलटॉन टेक सॉल्यूशंस के शेयरों का बंटवारा होने जा रहा है। कंपनी के शेयरों का बंटवारा 5 हिस्सों में किया जाएगा। कंपनी वारेंट्स के जरिए 69.30 करोड़ रुपये जुटाने जा रही है। कंपनी ने ईजीएम आज 11 जुलाई 2025 को होगी। इसी में अप्रूवल किया जाएगा। आइए डीटेल्स में जानते हैं -

**5 हिस्सों में बंट रहा है स्टॉक -** केलटॉन टेक सॉल्यूशंस के शेयरों का बंटवारा 5 हिस्सों में किया जा रहा है। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 1 रुपये प्रति शेयर हो जाएगा। कंपनी ने अभी तक रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं किया है। जल्द ही कंपनी की तरफ से रिकॉर्ड डेट का ऐलान किया जाएगा।



**2018 में कंपनी ने दिया था बोनस शेयर-** केलटॉन टेक सॉल्यूशंस ने 2018 में निवेशकों को बोनस शेयर दिया था। कंपनी ने एक शेयर पर एक शेयर बोनस दिया था। 2021 में इस कंपनी ने बोनस शेयर दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 25 पैसे का डिविडेंड दिया था।

**शेयर बाजार में बीता एक साल कैसा रहा है-** शुक्रवार को केलटॉन टेक सॉल्यूशंस के शेयरों का भाव 2.57 प्रतिशत की गिरावट के बाद 130.70 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था बीते एक हफ्ते में इस कंपनी के शेयरों की कीमतों में 8.96 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, एक साल केलटॉन टेक सॉल्यूशंस के शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 28 प्रतिशत का फायदा हुआ है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 5.61 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। कंपनी का 52 वीक हाई 184.30 रुपये और 52 वीक लो लेवल 95.05 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 1274.51 करोड़ रुपये का है।

5 साल में केलटॉन टेक सॉल्यूशंस के शेयरों की कीमतों में 800 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 206 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

तलाक को लेकर

# बॉलीवुड के भाईजान ने बताया कड़वा सच



हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने तलाक और रिश्तों को लेकर बात की है। द ग्रेट इंडियन कपिल शो का तीसरा सीजन जल्द शुरू होने वाला है। लेकिन शो से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी वायरल हो रहा है, जिसमें सलमान खान स्टेज पर नजर आ रहे हैं। वीडियो में अभिनेता ने आज के समय में आए दिन तलाक और रिश्तों में तकरार की खबरों को लेकर टिप्पणी की है।

## छोटी-छोटी बातों पर हो जाता है तलाक

सोशल मीडया पर वायरल हो रहे वीडियो में सलमान खान ने कहा, 'पहले लोग एक दूसरे के लिए त्याग करते थे और उन्हें समझते थे। अब रात को एक टांग आ जाती है तो उस पर तलाक हो जाता है। खर्राटे ले लेते हैं तो तलाक हो जाता है। छोटी-छोटी बातों पर लोग तलाक का फैसला ले लेते हैं। इतना ही नहीं, उसके बाद वो आधे पैसे लेकर भी चली जाती हैं।' अभिनेता के इतना कहने पर शो में मौजूद अर्चना पूरन सिंह नवजोत सिंह सिद्धू खूब ठहाके लगाते नजर आते हैं।

## नेटिजंस की आ रहीं प्रतिक्रियाएं

सलमान खान के इस वीडियो के वायरल होते ही इस पर सोशल मीडिया यूजर्स के रिएक्शंस आने लगे हैं। एक यूजर ने लिखा कि सिकंदर भाई ने करारा जवाब दिया है। वहीं एक यूजर ने बोला कि अभिनेता अपने करियर के शुरुआत से ही अपने विचारों को लेकर स्पष्ट रहे हैं, लेकिन उन्होंने कभी समझदार होने का दिखावा नहीं किया। इसके अलावा एक अन्य यूजर ने लिखा कि सही है आजकल के विवाह और रिश्ते ऐसे ही हैं।

## कब आ रहा कपिल शर्मा शो का नया सीजन?

द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा का तीसरा सीजन 21 जून से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा। इस शो में इस बार सुनील ग्रोवर, कृष्णा, कीकू शारदा, अर्चना पूरन सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू नजर आने वाले हैं।

# रजनीकांत की कुली में नजर आएंगे आमिर खान

बोले मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं



सुपरस्टार रजनीकांत की बहुप्रतीक्षित फिल्म कुली में अब आमिर खान भी नजर आएंगे। आमिर ने खुद एक इंटरव्यू में इस बात की पुष्टि की है कि वह फिल्म में कैमियो कर रहे हैं और इसके पीछे की वजह है रजनीकांत के प्रति उनका जबरदस्त सम्मान और दीवानगी। जब एक फैन ने आमिर से कुली में उनके कैमियो को लेकर सवाल किया, तो उन्होंने खुलकर जवाब दियाङ्क मैंने इसे बहुत एन्जॉय किया। मैं रजनी सर का बहुत बड़ा फैन हूं... बेहद बड़ा। जब लोकेश (कनागराज) ने कहा कि यह रजनी सर की फिल्म है और उन्हें मेरे कैमियो की जरूरत है, मैंने कहाङ्क हो गया!

स्क्रिप्ट नहीं सुनी, सिर्फ कहा कि जो भी रोल हो, मैं कर रहा हूं।

## फिल्म कुली में है धमाकेदार स्टारकास्ट

फिल्म 'कुली' एक तमिल एक्शन-थ्रिलर है जिसका निर्देशन लोकेश कनागराज कर रहे हैं और निर्माण सन पिक्चर्स द्वारा किया जा रहा है। इस फिल्म में रजनीकांत मुख्य भूमिका में नजर आएंगे और उनके साथ नजर आएंगे नागार्जुन, श्रुति हासन, सौबिन शाहिर, सत्यराज और उपेंद्र जैसे बेहतरीन कलाकार। स्टारकास्ट की यह शानदार फेहरिस्त फिल्म को और भी खास बना रही है।

फिल्म का टीज़र पहले ही दर्शकों के बीच सनसनी मचा चुका है। इसमें रजनीकांत को एक फैक्ट्रीनुमा सेटअप में विलनों से लड़ते हुए दिखाया गया है। टीज़र को खास तौर पर मोनोक्रोम और गोल्ड टोन में दिखाया गया, जो इसकी स्टाइलिंग को अलग बनाता है। दर्शकों ने इस पर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

## फिल्म का म्यूजिक और तकनीकी पक्ष भी दमदार

तकनीकी रूप से भी 'कुली' बेहद मजबूत नजर आ रही है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है, जबकि सिनेमैटोग्राफी का जिम्मा गिरीश गंगाधरन ने संभाला है और एडिटिंग फिलोमिन राज द्वारा की जा रही है।



## 'सितारे ज़मीन पर' को लेकर आमिर का भावनात्मक पक्ष

हाल ही में आमिर खान ने बताया कि ' सितारे ज़मीन पर ' को मिली ठंडी प्रतिक्रिया ने उन्हें भावनात्मक रूप से झकझोर दिया । इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने निर्देशक आर.एस. प्रसन्ना से फिल्म के लिए फरहान अख्तर को कास्ट करने की भी सिफारिश की थी । लाल सिंह चड्ढा के बाद मैं डिप्रेशन में चला गया था । वो झटका मेरे लिए बहुत बड़ा था क्योंकि मुझे खुद फिल्म पसंद आई थी ।
मुझे लगा लोग भी पसंद करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ । आमिर खान और रजनीकांत जैसे दो दिग्गजों का एक साथ स्क्रीन पर आना दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है । ' कुली ' अब और भी ज्यादा चर्चित हो गई है और फिल्म प्रेमियों को इस मेगा प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार रहेगा ।

## इम्तियाज अली एक बार फिर करेंगे दिलजीत दोसांझ के साथ काम, अगले साल बैसाखी पर होगी फिल्म रिलीज



फिल्म निर्माता इम्तियाज अली अमर सिंह चमकीला के बाद एक बार फिर दिलजीत दोसांझ के साथ एक और फिल्म बनाने को तैयार हैं। फिल्म प्यार और लालसा की कहानी होगी और साल 2026 में रिलीज होगी। इस फिल्म में दिलजीत के साथ नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शरवरी जैसे सितारे स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे। फिल्म की शूटिंग अगस्त 2025 से शुरू होगी और 2026 में बैसाखी पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। लेखक-निर्देशक इम्तियाज अली ने एक बयान में कहा- तुम मेरे पास होते हो गोया, जब कोई दूसरा नहीं होता - मोमिन। क्या वाकई प्यार खो सकता है? क्या किसी के दिल से घर छीना जा सकता है? अली ने बताया कि फिल्म बहुत बड़ा दिल रखती है। डायरेक्टर ने आगे कहा, इसका कैनवास बड़ा है, फिर भी यह बहुत निजी है। यह एक लड़के और लड़की की कहानी है, हमें उम्मीद है कि अगले साल आपके नजदीकी थिएटर में यह कहानी आपको काफी पसंद आएगी। फिल्म के बारे में अभी सारी बातों को गुप्त रखा गया है। यह पहली बार होगा जब दिलजीत, वेदांग और शरवरी के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। वहीं, इम्तियाज, ए.आर. रहमान और इरशाद कामिल की जादुई तिकड़ी एक बार फिर साथ में काम करेगी। इससे पहले भी तीनों ने रॉकस्टार, हाईवे, तमाशा, अमर सिंह चमकीला में साथ काम किया है। फिल्म निर्माता और दिलजीत के साथ काम करने के बारे में बात करें तो, दोनों ने 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्म अमर सिंह चमकीला में साथ काम किया था, यह एक बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म थी, जो कि संगीतकार अमर सिंह चमकीला के जीवन पर आधारित थी। इसका निर्देशन, निर्माण और सह-लेखन इम्तियाज अली ने किया।

# बेपरवाई के जरिए लोगों को मेरा मैसेज, दुनिया के लिए खुद को मत बदलो: जोनिता गांधी

**प्लेबैक** सिंगर जोनिता गांधी ने अपना नया गाना बेपरवाई रिलीज किया है। उन्होंने बात करते हुए इस गाने के बारे में विस्तार से बताया। सिंगर ने बताया कि यह गाना उस एहसास को दिखाता है जब इंसान बेफिक्र हो जाता है, उसे इसकी परवाह बिल्कुल भी नहीं होती कि दुनिया उसके बारे में क्या सोचती है। जोनिता गांधी ने बात करते हुए बताया कि उनका गाना बेपरवाई कैसे बना। उन्होंने कहा, इस गाने का विचार टोरंटो में एक म्यूजिक सेशन के दौरान आया था। उस दिन मेरा मूड कुछ ऐसा था, मैं दुनिया को लेकर थोड़ी निराशा और चिढ़ सी महसूस कर रही थी। मुझे लग रहा था कि हम कई बार दूसरों की राय



में उलझ जाते हैं, और खुद को भूल जाते हैं। फिर मेरे मन में ख्याल आया कि अब और नहीं, अब बेफिक्र होकर जीना है, बिना इस डर के कि लोग क्या कहेंगे। इसी सोच से गाने का कोरस बना, जो कहता है, अब मैं बस बेपरवाह हूं, मैं यह सुनिश्चित करना चाहती थी कि यह गाना मेरी पहचान से जुड़ा हो, ताकि सुनने वालों को लगे कि हां, ये एक जोनिता गांधी का गाना है। जोनिता गांधी ने आगे कहा, इस गाने को मैंने अपने अंदाज में गाया और पेश किया है। इसमें मैंने अपनी पहचान और गाने की खास स्टाइल को बनाए रखा, ताकि यह गाना भी बाकी उनके गानों की तरह ही लगे। गाने में भी मैंने सॉफ्ट टोन का इस्तेमाल किया, जैसे मैं हर गाने में करती हूं। इस गाने को बनाने में मेरे साथ म्यूजिक प्रोड्यूसर एरिजा ने काम किया। मैंने पहले भी उनके साथ कई बार काम किया है। उन्होंने गाने के म्यूजिक को इस तरह तैयार किया, जो हर एक शब्द के फील को बढ़ाता है। जोनिता ने बताया कि उनका गाना पूरी तरह से इलेक्ट्रॉनिक तरीके से बनाया गया है। इसमें कोई लाइव इंस्ट्रूमेंट, जैसे गिटार, तबला, ड्रम वगैरह इस्तेमाल नहीं किए गए हैं। इसमें म्यूजिक और बीट्स कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर से तैयार किए गए हैं। उन्होंने कहा, जहां तक मुझे पता है, इस गाने में कोई भी लाइव इंस्ट्रूमेंट का इस्तेमाल नहीं हुआ है।

# मेट्रो... इन दिनों में हर किसी को दिखेगा अपनी जिंदगी का अक्स

अभिनेता आदित्य रॉय कपूर अपनी आने वाली फिल्म मेट्रो... इन दिनों की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि दर्शक इस फिल्म की शामिल कहानियों से भावनात्मक रूप से जुड़ेंगे। आदित्य का कहना है कि अगर लोग इस फिल्म से खुद को जोड़ पाते हैं और इसे पसंद करते हैं, तो यह फिल्म की सफलता होगी। साथ ही उन्होंने दावा किया कि लोगों को फिल्म में अपनी कहानी जरूर मिलेगी। मेट्रो... इन दिनों साल 2007 में आई फिल्म लाइफ इन ए... मेट्रो का सीक्वल है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया था।



आईएएनएस को दिए इंटरव्यू के दौरान जब आदित्य से पूछा गया कि उनकी आने वाली फिल्म से क्या उम्मीदें हैं, तो उन्होंने कहा, सच कहूं तो, जब भी आप कोई फिल्म बनाते हैं, तो उम्मीद होती है कि सब लोग उसे पसंद करें और प्यार करें। लेकिन मैं नतीजों के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। आदित्य ने कहा, सबसे बड़ी बात यह है कि लोग फिल्म को समझें और उससे अपने आप को जोड़ पाएं। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि लोग इन कहानियों से जुड़ पाएंगे। इस फिल्म की खास बात यह है कि हर किसी को कोई न कोई कहानी अपनी लगती है। फिल्म का टैगलाइन भी है- आपकी अपनी कहानी। एक्टर का दावा है कि हर किसी को फिल्म की किसी न किसी कहानी में अपनी जिंदगी का अक्स जरूर दिखेगा। आदित्य ने कहा, फिल्म में ऐसी कोई न कोई कहानी होगी, जिससे आप खुद को जोड़ पाएंगे। मैं बस उम्मीद करता हूं कि लोग फिल्म से जुड़ें और इसे पसंद करें।

# किताबों से नहीं, असली अभ्यास से बेहतर होती है एक्टिंग: सौंदर्या शर्मा




**हाउसफुल 5 की एक्ट्रेस सौंदर्या शर्मा का मानना है कि एक्टिंग सीखने का सबसे अच्छा तरीका है असलियत में एक्टिंग करना। आईएएनएस से बात करते हुए उन्होंने कहा कि चाहे कितनी भी किताबें पढ़ लो या बातें सुन लो, लेकिन अभिनय की समझ और कला सिर्फ अभ्यास से ही बेहतर होती है। सौंदर्या ने इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने थिएटर और सिनेमा, दोनों में काम किया है। साथ ही दोनों जगहों के अनुभव को साझा किया।**

सौंदर्या ने दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) में वर्कशॉप किया है। इसके अलावा, उन्होंने अमेरिका के लॉस एंजेलिस में ली स्ट्रासबर्ग थिएटर में पढ़ाई की और वहां एनवाईएफए से एक्टिंग का कोर्स भी किया है। उन्होंने कहा कि वह थिएटर और सिनेमा दोनों में अभी नई हैं। वह अभी भी सीख रही हैं कि इस इंडस्ट्री में काम कैसे होता है और चीजें कैसे चलती हैं। बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, थिएटर और सिनेमा पर काम करना अलग होता है। थिएटर में जब आप एक्टिंग करते हो, तो आपको स्टेज के आखिरी कतार में बैठे लोगों तक अपनी बात पहुंचानी होती है। वहां हर भावना, हर किरदार को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाना होता है। उन्होंने आगे कहा, भावनाएं तो वही होती हैं, लेकिन उन्हें दिखाने का तरीका अलग होता है। हाउसफुल 5 पूरी तरह से अलग फिल्म है। इसमें ज्यादा अलग-अलग भावनाएं नहीं हैं। इसमें खुशी और मस्ती का माहौल रहता है जैसे रोजमर्रा की जिंदगी में होता है। लेकिन हां, जब मैं और काम करूंगी, तो बहुत कुछ सीख पाऊंगी। इंसान सिर्फ काम करके ही अच्छा बनता है। एक्टिंग सीखने से नहीं, बल्कि असलियत में करने से आती है और अभ्यास से बेहतर होती है। यह मेरी राय है। इंटरव्यू में सौंदर्या ने बताया था कि उनके लिए लाल परी का खिताब क्या मायने रखता है। उन्होंने अपने जवाब में कहा था, जब कहीं से कोई अचानक कहता है, अरे देखो, लाल परी सौंदर्या, तो यह सुनकर अच्छा लगता है। इस टाइटल ने मुझे नई पहचान दी है। इससे ऐसा लगता है जैसे लोग मेरे काम को सच में पसंद कर रहे हैं। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं। जब उनके लाल परी टाइटल की तुलना मलाइका अरोड़ा की मुन्नी बदनाम और कैटरीना कैफ की शीला की जवानी से की गई थी, तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा था, आप जिन दो कलाकारों की बात कर रहे हैं, वे मेरी सीनियर्स हैं। उनसे मेरी तुलना होना बहुत बड़ी बात है। मेरा सफर तो अभी शुरू ही हुआ है। मैं ज्यादा अच्छा काम करना चाहती हूं, ताकि लोगों से मुझे ऐसे ही ढेर सारा प्यार मिलता रहे।

-साभार एजेंसी

# कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन शंघाई फिल्म फेस्टिवल में पहुंची



फिल्म के निर्देशक कबीर खान ने इंस्टाग्राम पर लिखा, एक साल और चैंपियन अभी भी मजबूती से चल रहा है। चंदू चैंपियन को शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया और इसने दो पुरस्कार जीत लिए। कबीर खान निर्देशित फिल्म में कार्तिक आर्यन ने भारत के पहले पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की भूमिका निभाई थी, जिसने हाल ही में संपन्न न्यूयॉर्क इंडी फिल्म फेस्टिवल अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता, जबकि कार्तिक ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। यह बायोग्राफिकल स्पोर्ट्स ड्रामा एक असाधारण व्यक्ति की कहानी है, जो अडिग दृढ़ संकल्प के साथ लगातार चुनौतियों का सामना करता है। उनकी भावना ऐतिहासिक उपलब्धि की राह पर ले जाती है। कबीर की बात करें तो उन्होंने डॉक्यूमेंट्री फिल्मों में काम करके अपना करियर शुरू किया और फिर 2006 में एडवेंचर थ्रिलर काबुल एक्सप्रेस के साथ फीचर फिल्म निर्देशन में कदम रखा। उन्हें न्यूयॉर्क, एक था टाइगर, बजरंगी भाईजान और 83 के निर्देशन के लिए जाना जाता है। इस बीच, कार्तिक वर्तमान में अभिनेत्री अनन्या पांडे के साथ तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की शूटिंग कर रहे हैं, जो 13 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में आने वाली है। करण जौहर ने 2 जून को अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें कार्तिक और अनन्या भारतीय पासपोर्ट के पीछे एक-दूसरे को देखते हुए नजर आ रहे हैं। उन दोनों की यह जोड़ी साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म पति पत्नी और वो के बाद दर्शकों को देखने को मिलेगी। दोनों की आगामी फिल्म 13 फरवरी 2026 को सिनेमा घरों में आएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेजन फ्रेश पर मिलेट स्टोर

नई दिल्ली। अमेजन ने अपने अमेजन फ्रेश प्लेटफार्म पर मिलेट स्टोर फ्रंट की शुरुआत की है। गौरतलब है कि भारतीय रसोई में मिलेट्स अब रोज़मर्रा के भोजन को नए रूप में परिभाषित कर रहे हैं, चाहे वो नाश्ते के बाउल हों या रात के खाने की थाली में । प्रोटीन, फाइबर और प्राकृतिक प्रीबायोटिक्स से भरपूर ये पावर ग्रेन्स और सुपरफूड्स न सिर्फ पाचन को बेहतर बनाते हैं, बल्कि आपको लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराते हैं, जिससे ये वजन नियंत्रित करने वालों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। अमेजन फ्रेश के खास मिलेट स्टोर फ्रंट के साथ अब स्वच्छ, ग्लूटन-फ्री और बिना मैदा वाले विकल्पों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना पहले से कहीं आसान हो गया है।

### सरोवर का नया होटल

नई दिल्ली। सरोवर होटल्स ने उदयपुर में गोल्डन ट्यूलिप खोलने की घोषणा की है। होटल में कुल 87 कमरे और सुइट्स हैं जिन्हें आधुनिक कलात्मकता के साथ सजाया गया है। गोल्डन ट्यूलिप के लांच के बारे में चेयरमैन, सरोवर होटल्स एंड डायरेक्टर, लूव्र होटल्स इंडिया अजय बकाया ने कहा, 'उदयपुर शहर हेरिटेज और रोमांस में डूबा शहर है, और हमें गोल्डन ट्यूलिप के लॉन्च के साथ यहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए खुशी है। इस मौके पर मैनेजिंग पार्टनर, रेडिएंट ग्लोबस होटल्स एंड एंटरटेनमेंट मनमोहन सिंह ने कहा, 'हम उदयपुर में गोल्डन ट्यूलिप के लिए सरोवर होटल्स के साथ भागीदारी करते हुए बेहद खुशी महसूस कर रहे हैं।

### टीटीके का नया कुकवेयर

नई दिल्ली। होम अप्लायंसेज ब्रांड टीटीके प्रेस्टिज़ ने अपने नए कुकवेयर इनोवेशन ट्राई-प्लाई हेक्सामैजिक को लांच किया है। यह नई रेंज ट्रिपली तकनीक की दमदार मजबूती को हनीकॉम्ब पैटर्न वाली नॉन-स्टिक फिनिश के साथ जोड़ती है, जो हाई-परफॉर्मेंस कुकिंग का एक नया दौर शुरू करती है। इस रेंज की सबसे बड़ी खासियत इसका हाई-टेक हनीकॉम्ब डिज़ाइन है, जो नॉन-स्टिक कोटिंग और मेटल करछी (लैडल्स) के सीधे संपर्क को कम करता है। प्रेस्टीज ट्राई-प्लाई हेक्सामैजिक कुकवेयर पर ब्रांड द्वारा 15 साल की प्रोडक्ट वारंटी और नॉन-स्टिक कोटिंग पर 3 साल की वारंटी दी जा रही है।

### कलर्स का योग दिवस उत्सव

नई दिल्ली। कलर्स रिश्ते के कलाकारों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्सव मनाया कलर्स रिश्ते पर खतरा... खतरा... खतरा... के अभिनेता एवं निर्माता हर्ष लिंबाचिया ने कहा, 'मेरे लिए योगा मस्ती और कॉमेडी के बीच व्यक्तिगत शांति पाने का तरीका बन गया है। जब हम जबरदस्त स्टंट, शरारतों और नॉन-स्टॉप हँसी से भरपूर शो, खतरा... खतरा... खतरा... की शूटिंग कर रहे थे, उस समय मेरे दिन काफी अप्रत्याशित और ऊर्जा से भरपूर थे। उसी समय जीवन में शांति और खुद से जुड़ने के लिए मैंने योगा करना शुरू किया। कलर्स रिश्ते के बैरिस्टर बाबू में अनिरुद्ध रॉय चौधरी का किरदार निभाने वाले पी. मिश्रा ने कहा, 'योगा जीवन में वह शांति लाया जिसकी मुझे जरूरत थी।

### मेकमाईट्रिप पूंजी जुटाएगी

नई दिल्ली। यात्रा बुकिंग मंच मेकमाईट्रिप ने शेयर और परिवर्तनीय बॉण्ड की बिक्री के जरिये 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की धनराशि जुटाने की घोषणा की है। अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक को दी गई सूचना के अनुसार, इस कदम का मकसद कंपनी में चीन स्थित ट्रिप डॉट कॉम समूह की हिस्सेदारी को उल्लेखनीय रूप से कम करना है। नैस्डैक में सूचीबद्ध कंपनी ने पेशकश से प्राप्त शुद्ध आय के साथ-साथ परिवर्तनीय बॉण्ड की पेशकश से प्राप्त राशि का इस्तेमाल ट्रिप.कॉम द्वारा पहले अधिग्रहित अपने 'क्लास बी' शेयर के एक हिस्से को पुनर्खरीद करने के लिए करने की योजना बनाई है।

### वेदांता ने हिस्सेदारी बेची

नई दिल्ली। वेदांता लिमिटेड ने अपनी इकाई हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) में 1.6 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 3,028 करोड़ रुपये में बेचने की बुधवार को घोषणा की। वेदांता अपने व्यवसायों के विभाजन की दिशा में सक्रिय रूप से आगे बढ़ रही है। हिस्सेदारी बिक्री के माध्यम से जुटाई गई धनराशि बही-खाते को बेहतर बनाने और वित्तीय लचीलेपन को बढ़ाने में मदद करेगी, जिससे अलग होने वाली प्रत्येक इकाई अपनी स्वतंत्र विकास योजनाओं को आगे बढाने में सक्षम होगी।(एजेंसियां)

# अहमदाबाद विमान हादसे में बीमाधारक के साथ नामिनी भी मारे गए

■ इस तरह के कई मामले सामने आने से बीमा कंपनियां असमंजस में ■ जोखिम कवर की राशि किसको दें इस पर विचार कर रहीं कंपनियां

नई दिल्ली (भाषा)।

बीमा कंपनियों को पिछले सप्ताह अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे के पीड़ितों के दावों का निपटान करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि कई मामलों में पॉलिसीधारक और उसके नामित व्यक्ति (नॉमिनी), दोनों ही इस त्रासदी में मारे गए हैं।

अहमदाबाद से 12 जून को लंदन जाने वाले विमान की भयावह दुर्घटना में पूरे परिवार के खत्म हो जाने या पति-पत्नी में से किसी एक की मृत्यु हो जाने के मामले सामने आए हैं। इस विमान में सवार 241 लोगों और जमीन पर मौजूद 29 लोगों की जान चली गई थी।

हादसे के तुरंत बाद, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बीमा कंपनियों से कहा कि वे विदेशी चिकित्सा बीमा, व्यक्तिगत दुर्घटना और जीवन बीमा पॉलिसियों के जारी करने संबंधी अपने आंकड़ों से मृतक के विवरण का सत्यापन करें। परामर्श में यह भी कहा गया कि यात्रियों की सूची में शामिल पुष्टिकृत मृत व्यक्तियों तथा दुर्घटना से प्रभावित इमारतों में रहने वाले व्यक्तियों के मामले में प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं के कारण किसी भी दावे को अस्वीकार या विलंबित नहीं किया जाएगा।

इसके बाद भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), न्यू इंडिया एश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ, इफ्को टोकियो जनरल इंश्योरेंस, बजाज आलियांज जीआईसी और टाटा एआईजी इंश्योरेंस जैसी




प्रमुख बीमा कंपनियों ने प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए अहमदाबाद सिविल अस्पताल में अपनी सहायता खिड़की स्थापित की हैं।

बीमा कंपनियों ने कहा कि वे प्राधिकारियों द्वारा साझा किए गए आंकड़ों का अपने आंकड़ों से मिलान कर रही हैं तथा सक्रिय रूप से परिवारों से संपर्क कर रहे हैं। एलआईसी के प्रशासनिक अधिकारी आशीष शुक्ला ने बताया कि कंपनी को अब तक अस्पताल और उसके कार्यालयों में 10 दावे प्राप्त हुए हैं। बीमा कंपनी के अधिकारी ने कहा कि एक मामला ऐसा भी है, जिसमें बीमित व्यक्ति ने अपने जीवनसाथी को नामित किया था और दुर्घटना में दोनों की मौत हो गई।

इफ्को टोकियो इंश्योरेंस के मैनेजर (क्लेम) मनप्रीत सिंह सभरवाल ने भी एक ऐसे मामले का जिक्र किया जिसमें एक कंपनी के निदेशक और उनकी पत्नी (जो उनकी नामित थी) दोनों की विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई।

टाटा एआईजी के क्षेत्रीय परिचालन के प्रमुख अधिकारी निश्चल बुच ने कहा कि उन्हें अब तक सात दावे प्राप्त हुए हैं, जिनमें से एक ऐसा मामला है जिसमें मृतक ने अपने जीवनसाथी को नामित किया था और उसकी भी विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा, 'यदि बीमाधारक और नामांकित व्यक्ति, दोनों की मृत्यु हो गई है, तो हम श्रेणी-1 के वारिसों की तलाश करते हैं, जो आमतौर पर बच्चों जैसे रक्त संबंधी होते हैं।

# बीजों व कीटनाशकों से जुड़े कानून सख्त होंगे

■ कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिये कानून में बदलाव के संकेत

नई दिल्ली (भाषा)।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि सरकार बीज और कीटनाशक कानूनों को सख्त बनाएगी और किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण लागत सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा कानूनों में संशोधन कर सकती है। चौहान ने कहा कि कई किसानों ने 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के दौरान बीज और कीटनाशकों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई है।

कृषक समुदाय तक पहुंच बनाने के मकसद से यह देशव्यापी अभियान 29 मई को ओडिशा के पुरी से शुरू किया गया था। इस अखिल भारतीय अभियान का 12 जून को गुजरात के बारडोली में समापन हुआ। चौहान ने इस अभियान के बारे में संवाददाताओं से कहा, 'अभियान बहुत सफल रहा। इस दौरान हमने 721 जिलों के 1.43 लाख गांवों में 1.34 करोड़ किसानों से सीधे संपर्क किया। जनजातीय, आकांक्षी और सीमावर्ती जिलों सहित 60,281



कार्यक्रम आयोजित किए गए।' कृषि मंत्री ने अभियान को 'एक राष्ट्र-एक कृषि-एक टीम' बताते हुए कहा कि यह केंद्र और राज्यों का एक सहयोगात्मक प्रयास था जिसमें आईसीएआर और कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के 8,280 वैज्ञानिकों की 2,170 टीमें शामिल थीं।

इस दौरान नए शोध, प्रत्येक जिले की मिट्टी की सेहत और जलवायु की स्थिति के आधार पर फसल सलाह और प्राकृतिक/जैविक खेती के लाभ पर चर्चा की गई। चौहान ने कहा, 'हमें किसानों से कई सुझाव मिले हैं जो बहुत उपयोगी हैं। कृषि संबंधी योजना और नीतियां बनाते समय हम उन सुझावों को ध्यान में रखने की कोशिश करेंगे।' उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक किसानों की प्रतिक्रिया के आधार पर शोध भी करेंगे और प्रगतिशील किसानों द्वारा किए गए कई नवाचार को लोकप्रिय बनाया जाएगा।

इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर मंत्रालय ने घटिया लागत उत्पादों की बिक्री रोकने के लिए बीज एवं कीटनाशक कानूनों को कड़ा करने का फैसला किया है।

## पीएनबी ने 'रक्षक प्लस' बचत खाता योजना के तहत 17 करोड़ रुपये वितरित किए

नई दिल्ली (भाषा)।

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने इस साल 11 जून तक अपनी प्रमुख 'रक्षक प्लस योजना' के तहत 26 दिवंगत रक्षा एवं अर्द्धसैन्य कर्मियों के परिवारों को 17.02 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पीएनबी ने बयान में कहा कि यह भारत की रक्षा करने वाले बहादुर सैनिकों के प्रति बैंक के अटूट समर्थन की पुष्टि करता है। बयान के अनुसार, बैंक की 'रक्षक प्लस योजना' में व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा में किसी के जान गंवाने पर एक करोड़ रुपये और स्थायी व पूर्ण विकलांगता एवं हवाई दुर्घटना के मामले में 1.5 करोड़ रुपये दिए जाते हैं। इस योजना में आंशिक विकलांगता 'कवरेज' और वर्दीधारी लोगों की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यापक लाभ शामिल हैं।

पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक (बीएआरएम) विनय गुप्ता ने कहा, 'शहीदों के परिवारों के साथ खड़े रहना हमारा कर्तव्य है। रक्षक प्लस योजना के माध्यम से पीएनबी वित्तीय सहायता से कहीं अधिक प्रदान करता है। यह उनके असीम बलिदान के प्रति हमारे सम्मान और स्थायी समर्थन को दर्शाता है।'

# आर्थिक वृद्धि का प्रमुख स्तंभ है कारपोरेट क्षेत्र : मुर्मु



नई दिल्ली (एसएनबी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को कहा कि कॉरपोरेट क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि और विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके निर्णय न केवल नीतियों एवं विनियमों को प्रभावित करेंगे, बल्कि इसका असर नागरिकों और निवेशकों के देश की संस्थाओं में विश्वास पर भी पड़ेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि कॉरपोरेट कानूनों के कार्यान्वयन एवं प्रवर्तन का दायित्व संभालने वाले अधिकारियों के रूप में, 'आपकी भूमिका एक ऐसा कारोबारी माहौल बनाने के केंद्र में होगी जो पारदर्शी, जवाबदेह और नवाचार एवं उद्यमिता के लिए अनुकूल हो।'

राष्ट्रपति भवन में उनसे मिलने आए प्रशिक्षुओं से बातचीत में मुर्मू ने कहा, 'कॉरपोरेट क्षेत्र हमारे देश की आर्थिक वृद्धि एवं विकास का एक प्रमुख स्तंभ है।' कंपनी अधिनियम 2013 का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है कि कानून को न केवल लागू किया जाए बल्कि उसे समझा जाए, उसका सम्मान किया जाए। साथ ही इस तरह से लागू किया जाए जिससे सभी के लिए न्याय, निष्पक्षता एवं अवसर को बढ़ावा मिले। रक्षा वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन सेवा एवं केंद्रीय श्रम सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की। प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सैन्य विमानन में गुणवत्ता का मतलब सिर्फ तकनीकी विशिष्टताओं को पूरा करना नहीं है बल्कि इसका मतलब परिचालन सुरक्षा, मिशन की तैयारी, विश्वसनीयता एवं रणनीतिक श्रेष्ठता सुनिश्चित करना भी है।

मुर्मू ने कहा, 'आपकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि सभी सैन्य विमानन सामग्री चाहे वे स्वदेशी रूप से निर्मित हों या आयातित उच्चतम वैश्विक मानकों के अनुरूप कठोर गुणवत्ता एवं उड़ान करने योग्य आवश्यकताओं को पूरा करती हों।' राष्ट्रपति ने इस बात पर भी जोर दिया कि रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने की जरूरत है।

# एचडीएफसी बैंक के सीईओ ने लीलावती ट्रस्ट की शिकायतों पर दर्ज प्राथमिकी को चुनौती दी

मुंबई (भाषा)।

एचडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शशिधर जगदीशन ने लीलावती ट्रस्ट की तरफ से लगाए गए वित्तीय धोखाधड़ी के आरोपों के आधार पर दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध करते हुए मुंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।



मुंबई के मशहूर लीलावती अस्पताल का प्रबंधन करने वाले ट्रस्ट ने जगदीशन पर वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप लगाए थे जिसके बाद उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है। इस प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध करने वाली जगदीशन का याचिका का उल्लेख बुधवार को अदालत के समक्ष किया गया और इस पर आगे चलकर सुनवाई होगी। एक मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश के बाद यह प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। अदालत ने पुलिस को वित्तीय धोखाधड़ी के आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया था।

लीलावती कीर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट (एलकेएमएम ट्रस्ट) ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उसके ट्रस्टियों द्वारा गबन किए गए 14.42 करोड़ रुपये में से 2.05 करोड़ रुपये जगदीशन को मिले हैं। ट्रस्ट ने यह दावा भी किया है कि कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) निधि के नाम पर अस्पताल के कर्मचारियों को 1.5 करोड़ रुपये की पेशकश करना सबूतों को नष्ट करने और न्याय में बाधा डालने की मंशा को दर्शाता है। एलकेएमएम का आरोप है कि न्यायिक निष्कर्षों और कई शिकायतों के बावजूद एचडीएफसी बैंक कार्रवाई करने में नाकाम रहा जो कंपनी अधिनियम की धारा 166 और सेबी शासन के आदेशों का उल्लंघन है। हालांकि, निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक ने अपने सीईओ पर लगाए गए इन आरोपों से इनकार करते हुए इसे 'अपमानजनक और बेतुका' बताया है।

## बैंकों के पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक में मार्च में सुधार

मुंबई (भाषा)। आरबीआई ने कहा कि वाणिज्यिक बैंकों का पर्यवेक्षी डाटा गुणवत्ता सूचकांक मार्च 2025 में बढ़कर 89.3 हो गया है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 88.6 था। आरबीआई ने एक पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक बनाया है, जो डूबे ऋण सहित विभिन्न वित्तीय मापदंडों में सटीकता, समयबद्धता और स्थिरता के संदर्भ में डेटा गुणवत्ता का मूल्यांकन करता है।

## आईएएस अनुराधा ठाकुर सेबी बोर्ड में शामिल

नई दिल्ली (एसएनबी)।

आर्थिक मामलों के विभाग में विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) अनुराधा ठाकुर को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल में शामिल किया गया है। बाजार नियामक की वेबसाइट पर बुधवार को यह जानकारी दी गई।

ठाकुर 1994-बैच की हिमाचल प्रदेश कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी है। वह अप्रैल में ओएसडी के रूप में आर्थिक मामलों के विभाग में शामिल हुई। अजय सेठ के 30 जून को 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वह एक जुलाई से आर्थिक मामलों के सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगी।

# चिप विनिर्माण का प्रमुख हब बन रहा भारत

नई दिल्ली (भाषा)।

पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया की विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश के लिए प्रमुख लक्ष्य हैं। मूडीज एनालिटिक्स ने बुधवार को कहा कि इनमें भारत, सिंगापुर और मलयेशिया तेजी से खुद को डेटा सेंटर परियोजनाओं या चिप विनिर्माण के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

मूडीज एनालिटिक्स ने अपनी रिपोर्ट 'एआई इज बीटिंग द ऑड्स' में कहा कि ऐसे समय में जब सीमापार निवेश धीमा हो रहा है और वैश्विक व्यापार टूट रहा है, तब एआई पर खर्च वर्तमान के विपरीत हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, 'भले ही व्यापार और भू-राजनीतिक तनाव अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहे हों, लेकिन एआई की बढ़ती मांग, आपूर्ति से कहीं ज्यादा है। इस अंतर को



पाटने के लिए वैश्विक निवेशक डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं में पूंजी लगा रहे हैं।' रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में आउटबाउंड (घरेलू कंपनी द्वारा विदेश में) एआई निवेश की हिस्सेदारी इसकी इनबाउंड (विदेशी कंपनी द्वारा घरेलू बाजार में) हिस्सेदारी से अधिक है। यह बताता है कि अमेरिकी प्रौद्योगिकी दिग्गज अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार कर रही हैं।

मूडीज एनालिटिक्स ने कहा, 'पूर्वी और दक्षिण-पूर्व एशिया में विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं प्रमुख गंतव्य हैं। विशेष रूप से, भारत, सिंगापुर और मलयेशिया तेजी से डेटा सेंटर परियोजनाओं या चिप विनिर्माण के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में खुद को स्थापित कर रहे हैं। ये बाज़ार लागत लाभ, बढ़ती मांग और प्रौद्योगिकी निवेश के लिए सहायक नीतियां प्रदान करते हैं।'

इसमें कहा गया है कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था और डिजिटल प्रतिभा पूल इसे डेटा सेंटर प्रदाताओं और चिप उत्पादन के लिए एक आकर्षक स्थान बनाते हैं।

# वैश्विक अनिश्चितता के बीच बेहतर स्थिति में है भारत

नई दिल्ली (भाषा)।

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत बेहतर स्थिति में बना हुआ है। उन्होंने मौजूदा वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश के स्थिर आर्थिक प्रदर्शन की ओर इशारा करते हुए यह बात कही।

सीईए ने कहा कि कहा कि 2022 से संघर्ष एवं व्यवधान वैश्विक परिदृश्य का हिस्सा रहे हैं लेकिन वे अब अधिक अप्रत्याशित हो गए हैं। इससे समग्र परिवेश चाहे राजनीतिक, आर्थिक या सुरक्षा से संबंधित हो दुनियाभर में वृद्धि के लिए कहीं अधिक चुनौतियां पेश कर रहे हैं।

नागेश्वरन ने पश्चिम एशिया में यूक्रेन-रूस, भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्षों और शुल्क युद्ध के कारण बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे किए गए सवाल पर कहा कि आप कह सकते हैं कि सकारात्मक संभावनाओं पर कहीं न कहीं ये स्थितियां हावी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ भारत की समस्या नहीं है, यह कई देशों को प्रभावित कर रहा है।



सीईए ने कहा, 'कुछ हद तक यह कहा जा सकता है कि आज वैश्विक परिवेश चाहे वह राजनीतिक हो, आर्थिक हो या सुरक्षा से संबंधित हो, वृद्धि के लिए काफी जटिल और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। न केवल भारत के लिए बल्कि कई देशों के लिए, लगभग पूरी विश्व अर्थव्यवस्था के लिए।'

नागेश्वरन ने कहा कि लेकिन उनका मानना है कि इन परिस्थितियों में भी भारत वास्तव में अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में है। सीईए ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में भारत की 6.5 प्रतिशत की मौजूदा वृद्धि दर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि 2008 के वित्तीय संकट के बाद से वैश्विक माहौल कितना कठिन हो गया है, इसे देखते हुए इस दर को बनाए रखना कोई मामूली बात नहीं है। सरकार वृद्धि दर को सात प्रतिशत और उससे अधिक तक बढ़ाने के लिए प्रयास जारी रखे हुए है।

नागेश्वरन ने आगाह किया कि विश्व अब उन अनुकूल परिस्थितियों में काम नहीं कर रहा है, जिसमें पहले करता था। सीईए ने कहा कि सरकार तेजी से वृद्धि करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, लेकिन आज की दुनिया में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर कसे बनाए रखना भी एक बड़ी उपलब्धि है।

# गोवा में श्रमबल की कमी से जूझ रहे हैं निजी उद्योग-धंधे

नई दिल्ली (भाषा)।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को रोजगार के अवसरों के बावजूद उद्योगों में 'श्रमबल की बहुत कमी' को स्वीकार किया और कहा कि स्थानीय युवा नौकरी की सुरक्षा की चिंताओं के कारण निजी क्षेत्र में शामिल होने से हिचकते हैं।

सावंत की अध्यक्षता में विभिन्न उद्योग निकायों और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों की एक बैठक में उद्योगों में न्यूनतम मजदूरी को संशोधित करने और कौशल पाठ्यक्रम शुरू करने पर चर्चा की गई। सावंत ने कहा कि उद्योगों में श्रमशक्ति की काफी कमी देखी जा रही है। उन्होंने उदाहरण दिया जिसमें गोवा फार्मा एसोसिएशन द्वारा आयोजित साक्षात्कार के लिए सिर्फ दो उम्मीदवार आए। उन्होंने कहा कि जहाज निर्माण क्षेत्र में भी ऐसी ही स्थिति है।

सावंत ने कहा, ''रोजगार के अवसर तो उपलब्ध हैं, लेकिन श्रमबल नहीं है।' उन्होंने कहा कि बैठक में स्थानीय युवाओं की भर्ती में उद्योगों के सामने आने वाली समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने कौशल पाठ्यक्रम शुरू करने और कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवा में युवा नौकरी की सुरक्षा की चिंता के कारण निजी क्षेत्र में जाने से हिचकते हैं।

उन्होंने कहा, 'विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के बाद, हमने पाया कि युवाओं को लगता है कि निजी क्षेत्र में नौकरी की सुरक्षा नहीं है। वे निजी नौकरियों को करियर विकल्प के रूप में पसंद नहीं करते हैं।' उन्होंने कहा कि सरकार निजी उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाएगी।

सावंत ने कहा, 'श्रमिकों का किसी भी तरह का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे प्रबंधन को परिणाम भुगतने होंगे।'

मुख्यमंत्री ने औद्योगिक कार्यों के लिए गोवा के ठेकेदारों को अनिवार्य रूप से काम पर रखने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बैठक में मौजूदा वेतन ढांचे की भी समीक्षा की गई और उद्योगों में न्यूनतम मजदूरी को संशोधित करने का निर्णय लिया गया। चर्चा का एक और अहम मुद्दा बस स्टैंड को औद्योगिक क्षेत्रों से जोड़ने वाले परिवहन की कमी था। उद्योग निकायों से कहा गया है कि वे आवश्यक कार्रवाई के लिए अपनी परिवहन जरूरतों को सरकार के सामने पेश करें।

श्रम कल्याण के संबंध में एक बड़े फैसले में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जुलाई, 2025 से कंपनियों को श्रमिकों के बच्चों के लिए आवास सहायता और छात्रवृत्ति सहित 16 विभिन्न लाभ योजनाओं को लागू करने के लिए श्रम कल्याण कोष और निर्माण श्रमिक कल्याण कोष से धन का उपयोग करना होगा।

## गूगल सेफ्टी इंजीनियरिंग सेंटर का हैदराबाद में उद्घाटन

हैदराबाद (भाषा)।

गूगल सेफ्टी इंजीनियरिंग सेंटर, इंडिया (जीएसईसी इंडिया) का बुधवार को यहां उद्घाटन किया गया। यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शुरू की जाने वाली पहली और वैश्विक स्तर पर चौथी ऐसी सुविधा है।

कंपनी क्के अनुसार, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने इस सुविधा का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्य के आईटी मंत्री डी. श्रीधर बाबू भी मौजूद रहे। यह भारत के डिजिटल भविष्य को सुरक्षित बनाने की कंपनी की प्रतिबद्धता में एक बड़ी उपलब्धि है। भारत में जीएसईसी परिचालन केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जहां रणनीतिक प्रतिबद्धताओं को ठोस समाधानों में तब्दील किया जाएगा।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,